दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 360

ग्वालियर, सोमवार 19 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.





## खास खबर

### ताइवान में 2 दिन में दूसरा भूकंप

**रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.9, जापान में सुनामी का अलर्ट जारी; कल 6.6 तीव्रता का भूकंप आया था**

ताइपे, एजेंसी । ताइवान के दक्षिणपूर्वी तट पर रविवार को भूकंप आया। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई। इसके पहले शुरुआती छोटे झटके भी आए। वहीं, 17 सितंबर को यहां 6.6 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप ताइवान के ताइतुंग शहर से लगभग 50 किलोमीटर (30 मील) नॉर्थ में आया। इसे लेकर जापान ने ताइवान के पास स्थित आइलैंड्स में सुनामी की चेतावनी जारी की है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.2 मापी थी। बाद में इसे डाउनग्रेड करके 6.9 कर दिया गया।

**स्टेशन पर खड़ी ट्रेनें हिलने लगीं, ब्रिज टूट गए**

भूकंप के चलते ताइवान में कई जगहों पर सड़कें टूट गई हैं। स्टेशन पर खड़ी कुछ ट्रेनें तक पलट गईं, वहीं कुछ ट्रेनें हिलती नजर आईं। यूली में एक स्टोर गिर गया, जिसमें 4 लोग दब गए। उन्हें रेस्क्यू कर लिया गया है।

### कर्ज में डूबे ऑटोरिक्शा ड्राइवर की खुली किस्मत, लगी 25 करोड़ रुपये की लॉटरी

केरल, एजेंसी। केरल के एक ऑटो रिक्शा ड्राइव की किस्मत खुल गई। वह कर्ज लेने जा रही रहा था कि उसकी लॉटरी लग गई। ओणम बंपर लॉटरी का वह पहला विजेता है। टैक्स कटने के बाद उसे लगभग 15 करोड़ रुपये मिलेंगे। किसी किस्मत कब पलट जाए कोई नहीं जानता। केरल के एक ऑटो ड्राइवर की किस्मत रातों-रात बदल गई। गरीबी से परेशान होकर ड्राइवर ने मलेशिया जाकर शेफ का काम करने का विचार बना लिया था। उसने कर्ज के लिए आवेदन दिया। एक दिन पहले ही उसके कर्ज को मंजूरी मिली और अगले दिन ऐसी खुशखबरी मिली जिसने उसे करोड़पति बना दिया। उसकी 25 करोड़ की ओणम बंपर लॉटरी लग गई। श्रीवाराहम के रहने वाले अनूप ने शनिवार को ही लॉटरी टिकट खरीदा था जिसका नंबर TJ 750605 है। पहले वह जो टिकट खरीद रहा था, उसे वह पसंद नहीं आया।

## सीएम शिवराज सिंह ने किया बड़ा ऐलान

# मासूमों के साथ दुराचार करने वालों को मिलेगी 'फांसी'

जबलपुर।

मानस भवन में जस्टिस जेएस वर्मा स्मृति व्याख्यानमाला में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में मासूमों के साथ दुराचार करने वालों को फांसी दी जाएगी. विधानसभा में इसका एक विधयेक पास किया गया. सीएम ने जस्टिस जेएस वर्मा को याद करते हुए उन्हें प्रणाम कर कहा कि जस्टिस का नाम सुनते ही मप्र का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है. न्याय जगत गर्व से भर जाता है. सीएम ने कहा कि जस्टिस वर्मा के फैसले देश भूल नहीं सकता है. 1997 में महिलाओं के गौरव पूर्ण जीवन जीने के लिए एक बड़ा फैसला आया था।

### जाने जस्टिस वर्मा की महानता

जस्टिस वर्मा ने अपना बड़ा फैसला बिशाखा केस के दौरान आया था. जिसमें कामकाजी महिलाओं के प्रति यौन उत्पीडन रोकने के लिए, एक गाइड लाइन आई थी. जिसे बिशाखा गाइड लाइन के नाम पर लागू किया गया था. जस्टिस वर्मा ने देश को निर्भया कलंक को धोने के और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कठोर दंड का प्रवधान किया था. उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा. 1912 में निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोंर करके रख दिया था. क्रिमिनल लॉ में संशोधन करने के लिए एक पैनल गठित किया गया, जिसे वर्मा के नाम से जाना जाता है।

### सीएम शिवराज ने भोपाल कांड की निंदा की

मुख्यमंत्री ने भोपाल में बस में बच्ची के साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मासूम के साथ दुराचार किया गया घृणित और निंदनीय है. मासूम के साथ जो घटनाएं घटित होती है उसमें सबसे ज्यादा आरोपी उनका परिचित निकलता है. मासूमों के साथ दुराचार करने वाले को तत्परता से सजा मिले और उन्हें फांसी हो इसके लिए मप्र विधानसभा में इस प्रस्ताव को जल्द पारित किया जा रहा है. सीएम ने कहा कि जब तक कठोर कार्रवाई नहीं होगी तब तक लोगों में डर नहीं रहेगा. आखिरी में सीएम ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए कहा कि जब सभी देश अपनी-अपनी भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो हम क्यों नहीं अपनी मातृभाषा इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।




## मोदी सरकार ने बनाया डीबीटी का रिकॉर्ड

### जरूरतमंदों के बैंक खाते में अब तक डाले 25 खरब रुपये



नई दिल्ली, एजेंसी। नरेंद्र मोदी सरकार में लाखों लाभार्थियों के बैंक खाते में पैसा सीधा ट्रांसफर होने का रिकॉर्ड बन गया है. साल 2014 से अब तक डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) स्कीम का आंकड़ा 25 ट्रिलियन (खरब) रुपये को पार कर गया है। बता दें कि इस स्कीम से नए-नए लाभार्थी जुड़ने की वजह से डीबीटी ट्रांसफर साल दर साल लगातार बढ़ रहा है. साल 2019-20 में डीबीटी स्कीम के तहत 3 ट्रिलियन रुपये ट्रांसफर किए गए. वहीं साल 2021-21 में यह मात्रा बढ़कर 5.5 ट्रिलियन रुपये हो गया, जबकि आखिरी वित्तीय वर्ष में यह 6.3 ट्रिलियन हुआ. वहीं मौजूदा वित्तीय वर्ष के छह महीने से कम समय में ही 2.35 ट्रिलियन रुपये लाभार्थियों के खातों में जमा कर दिए गए हैं। इसका अर्थ यह है कि साल 2014 से शुरू हुई डीबीटी स्कीम में 56 फीसदी ट्रांसफर पिछले ढाई साल में पूरा हुआ है. सरकार इस स्कीम को आपदा में लोगों की मदद का अहम जरिया बना रही है. खासकर साल 2020 के मार्च में आई कोरोना महामारी में इसे बेहतर रूप से इस्तेमाल किया गया.एक अधिकारी ने बताया कि डीबीटी कोविड में लोगों की रक्षक

## नहीं चलेगी गूगल की मनमानी, भारत सरकार तय करने जा रही है जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी । दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों में शामिल गूगल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, क्योंकि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में एजेंसियां इसपर लगाम लगा रही हैं और इसका एकाधिकार (मोनोपॉली) खत्म करना चाहती हैं। भारत सरकार भी इस दिशा में कदम बढ़ा रही है और गूगल से साइबर स्पेस पर नियंत्रण वापस लेना चाहती है। हाल ही में यूरोपियन यूनियन कोर्ट की ओर से सर्च इंजन कंपनी को बड़ा झटका लगा है और इसपर 4.12 अरब डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। गूगल को दोषी पाया गया कि यह एंड्रॉयड फोन बनाने वाली कंपनियों पर कई तरह की पाबंदियां लगा रही है, जिससे इसके सर्च इंजन को सीधा फायदा मिले।

### भारतीय एजेंसियां भी जांच के लिए सक्रिय हुईं

इयू और अमेरिकी एजेंसियों की तर्ज पर भारत सरकार भी गूगल के खिलाफ जांच तेज कर रही है। इलेक्ट्रॉनिकी और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बताया कि ग्लोबल एंटीट्रस्ट ड्राइव में भारत अपनी जिम्मेदारी तय कर रहा है।

इस तरह तय किया जाएगा कि डिजिटल स्पेस में किसी एक कंपनी के नियम और मनमानी ना चले।

# भारतीय धरती पर चीतों का पहला दिन शांति से गुजरा



श्योपुर, ब्यूरो। नामीबिया से भारत की धरती मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में लाए गए आठ चीतों ने अपना पहला दिन बड़ी शांति के साथ बिताया. जिसमें से एक बिग कैट यानी मादा चीता घास पर कदम रखती है. फिर दौड़ती हैं और आसपास के इलाकों को स्कैन करती हैं. उसकी चाल, हावभाव को देखकर ऐसा लग रहा था कि मानों वह कुछ जानने पहचानने की कोशिश कर रही हो. अन्य चीतों ने भी शांति के साथ चहलकदमी की. हालांकि किसी ने भी अभी अपनी वो रफ्तार नहीं दिखायी जिसके लिए चीते जाने जाते हैं. चीतों के साथ आयी टीम का मानना है कि इन्हें माहौल में ढलने में कुछ वक्त लग सकता है. एक बार माहौल में ढल जाने के बाद फिर ये अपनी रफ्तार दिखायेंगे. अभी चीतों को करीब एक माह के लिए अलग अलग बाड़ों में रखा गया है। इसके बाद इन्हें एक साथ कूनो के अभ्यारण में छोड़ दिया जाएगा।

### क्या कहतीं हैं डॉ लॉरी मार्कर

चीता कंजरवेशन फंड की फाउंडर और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. लॉरी मार्कर ने कहा कि चीतों को भारत में बसने में पांच, दस या उससे भी ज्यादा का समय लग सकता है. जहां से एक बार कोई जानवर की प्रजाति समाप्त हो जाती है तो उसे दोबारा बसाना काफी मुश्किल होता है. हम कोशिश कर रहे हैं. हमें बहुत मेहनत करनी होगी. इसीलिए अभी यह चीते कुछ दिनों हमारी निगरानी में रहने वाले हैं. उन्होंने संदेश दिया है कि हम चीतों को बचाकर दुनिया को बदल सकते हैं. हम काफी लंबी यात्रा करके आये हैं इसलिए थके हुए हैं. इससे भी बड़ी बात यह है भारत स्वतंत्रता का 75वां, आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है. इस अवसर नामीबिया सरकार की ओर से यह भारत सरकार को दिया गया नायाब तोहफा है. भारत 70 साल बाद चीतों को दोबारा बसाने जा रहा है. हमें उम्मीद है कि भारत इसमें जरूर सफल होगा।

## चंडीगढ़ विश्वविद्यालय

# MMS कांड का मास्टरमाइंड कौन?

### शिमला से गिरफ्तार किया गया आरोपी छात्रा का 'बॉयफ्रेंड'




चंडीगढ़, एजेंसी ।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के वीडियो लीक मामले में शिमला से एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की छात्रा को गिरफ्तार किया था। छात्रा पर आरोप है कि वह हॉस्टल में लड़कियों के नहाते हुए वीडियो बनाती थी और फिर शिमला में रहने वाले अपने बॉयफ्रेंड को भेजती थी। हालांकि पुलिस और विश्वविद्यालय ने इस दावे को खारिज किया था। यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर ने कहा था कि आरोपी छात्रा ने केवल खुद का ही वीडियो शूट करके भेजा था।



पंजाब पुलिस आरोपी युवक की तलाश में शिमला पहुंची थी। छात्रा ने अपने मोबाइल में आरोपी युवक की तस्वीर भी दिखायी थी। पंजाब पुलिस ने कहा था कि छात्रा शिमला में रहने वाले आरोपी युवक को अच्छी तरह जानती है। पुलिस का कहना है कि छात्रा के मोबाइल कि फरेंसिक जांच होने के बाद बाकी जानकारी सामने आएगी।

### कांग्रेस ने सीएम भगवंत मान को घेरा

मुख्मंत्री भगवंत मान ने इस मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने इस मामले पर चिंता चताते हुए पंजाब सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को चंडीगढ़ कैंपस में जाना चाहिए और इस पूरा जायजा लेना चाहिए। वह केवल ट्वीट करके इसे अनदेखा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, यह एक बेहद संवेदनशील मामला है और इसपर कड़ी कार्रवाई करना जरूरी है।

# घाटी में 30 साल बाद सिनेमा की वापसी, श्रीनगर में होगी फिल्म लाल सिंह चड्ढा की स्क्रीनिंग

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू में एक बार फिर से सिनेमाघरों का दौर शुरू होने वाला है। रविवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुलवामा और शोपियां में एक-एक मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन किया। श्रीनगर में भी मंगलवार को खुलेगा।

जम्मू-कश्मीर में करीब तीस साल बाद लोग फिर से मल्टीप्लेक्स में सिनेमा का आनंद उठा सकेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को पुलवामा और शोपियां में एक-एक मल्टीप्लेक्स का उद्घाटन किया। इसी के साथ अब जम्मू-कश्मीर के लोग सिनेमाघरों में बैठक फिल्में देख सकेंगे। केंद्र शासित प्रदेश की ओर से कहा गया है कि अनंतनाग, श्रीनगर, बांदीपोरा, गांदरबल, डोडा, राजौरी, पुंछ, किश्तवाड़ और रियासी में जल्द ही सिनेमा हॉल का उद्घाटन किया जाएगा।

मल्टीप्लेक्स के उद्घाटन के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के ऑफिस ने ट्वीट कर कहा, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के लिए आज का दिन एतिहासिक है। पुलवामा और शोपियां में बहुउद्देशीय सिनेमा हॉल मूवी स्क्रीनिंग, इंफोटेनमेंट और युवाओं के कौशल से लेकर कई सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। श्रीनगर का मल्टीप्लेक्स मंगलवार को खुलने जा रहा है जिसमें आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा की विशेष स्क्रीनिंग की जाएगी।



### आतंकियों की धमकियों के बाद करना पड़ा था बंद

घाटी में थिएटरों को खोलने का प्रयास पहले भी किया गया था लेकिन आतंकियों ने उस पर पानी फेर दिया था। अधिकारियों ने 1990 के दशक के अंत में कुछ थिएटरों को फिर से खोलने का प्रयास किया था, लेकिन सितंबर 1999 में लाल चौक के मध्य में रीगल सिनेमा पर एक ग्रेनेड हमला करके आतंकवादियों ने इस तरह के प्रयासों को विफल कर दिया।

### 1980 में एक दर्जन सिनेमा हॉल चल रहे थे

इससे पहले 1980 के दशक की बात करें तो उमय घाटी में करीब एक दर्जन सिनेमा हॉल काम कर रहे थे, लेकिन आतंकवादियों की ओर से मालिकों को धमी दिए जाने के बाद उन्हें अपना कारोबार समेटना पड़ा था। उपराज्यपाल ने पुलवामा और शोपियां के सिनेमा हॉल लोगों, खासकर कश्मीर की युवा पीढ़ी को समर्पित किए। उनका मानना था कि घाटी के लोग इस पल का लंबे समय तक इंतजार किया है।

**न्यूज़ ट्रैक....**

### ऋतुराज ने हासिल की लय, रजत का शतक लगाने का सिलसिला जारी

**बैंगलुरू ।** बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ अपनी लय में वापस आ गये हैं। आईपीएल के 2022 सत्र में विफल रहे ऋतुराज ने यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ए की ओर से खेलते हुए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली है। ऋतुराज ने इस मैच की पहली पारी में शतक लगाने के बाद दूसरी पारी में भी 94 रन बनाये। ऋतुराज के अलावा मध्य प्रदेश के घरेलू क्रिकेटर रजत पाटीदार ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। पहली पारी में 30 रन पर बनाने वाले रजत ने दूसरी पारी में शतक लगाया। इस मैच में भारत–ए की पहली पारी के 293 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड–ए पहली पारी में 237 रनों पर ही सिमट गयी थी। पाटीदार के लिए यह साल शानदार रहा है। आईपीएल–2022 के एलिमिनेटर मुकाबले में उन्होंने आरसीबी की ओर से शतक लगाया था और यह सिलसिला अब भी जारी है। उन्होंने आईपीएल के बाद रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुंबई के खिलाफ 122 रनों की शतकीय पारी खेली थी। इसके बाद भारत–ए की ओर से पदार्पण पर 176 रन की पारी खेली।

### भड़के सैमसन के प्रशंसक , भारत ए की कप्तानी देकर बहला रहा बीसीसीआई

**मुम्बई ।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को इंडिया ए की कप्तानी देने से भी प्रशंसकों की नाराजगी कम नहीं हुई है। उनका कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए सैमसन को जगह मिलनी चाहिये थी पर अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीआई) भारत ए की कप्तानी देकर उन्हें संतुष्ट करना चाहता है। प्रशंसकों का कहना है कि सैमसन की अच्छे प्रदर्शन के बाद भी उपेक्षा हो रही है। बीसीसीआई ने सैमसन को 'न्यूजीलैंड ए' टीम के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए 'भारत ए' टीम का कप्तान बनाया है। यह सीरीज 22 सितंबर से चेन्नई में होगी। इसके बाद भी संजू के प्रशंसकों ने बीसीसीआई पर जमकर निशाना साधा है। उनका कहना है कि बोर्ड उन्हें कप्तानी देकर बहला रहा है। उनके प्रशंसकों का कहना है कि एशिया कप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में विश्व कप के लिए सैमसन को जगह मिलनी चाहिये थी पर इसके बाद भी ऋषभ और कार्तिक को ही टीम में रखा गया। गौरतलब है कि सैमसन को टीम में अधिक अवसर नहीं मिले हैं। उन्होंने अब तक भारतीय टीम की ओर से 15 टी20 ही खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल 296 रन बनाए हैं।

### नीरज चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड में सफल सीजन का जश्न मनाया

**ज्यूरिख ।** ज्यूरिख डायमंड लीग में ट्रॉफी के साथ अपना अंतरराष्ट्रीय सीजन समाप्त करने के बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा स्विट्जरलैंड में स्काईडाइविंग और जेटबोटिंग जैसे खेलों के साथ अपनी जीत का जश्न मना रहे हैं। वर्तमान में स्विट्जरलैंड में छुट्टियां मना रहे चोपड़ा ने पहले देश के लिए मेडल अपने नाम किए हैं। अब कुछ समय के साथ स्काईडाइविंग से लेकर जेटबोटिंग का अपने करीबी चचेरे भाई, कोच और चाचा के साथ मजा ले रहे हैं। अपने हालिया पोस्ट में नीरज स्विस आल्प्स में अपने भाला के साथ पोज देते हुए नजर आ आए थे। हाल ही में एथलीट ने स्विटजरलैंड के लुसाने में टोक्यो 2020 से अपने स्वर्ण पदक विजेता भाला को ओलंपिक संग्रहालय को उपहार में दिया।

## कोरोना के कारण शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर, उमेश की वापसी

**चंडीगढ़ ।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कोरोना संक्रमण के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गये हैं। शमी के बाहर होने से अब अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। उमेश रविवार सुबह ही चंडीगढ़ पहुंचकर भारतीय टीम से जुड़े। उनकी लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी। इसमें शमी के खेलने पर फैसला उनकी फिटनेस के आधार पर ही होगा। अगर वह पूरी तरह से संक्रमण से उबर जाएंगे तभी उन्हें शामिल किया जाएगा। उमेश को जिस प्रकार अचानकी बुलाया गया है उससे यह तय है कि उन्हें मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टी20 मुकाबले में खेलने का अवसर मिलेगा। अगर वह पहले टी20 के लिए शामिल किये जाते हैं तो वह तीन साल के बाद किसी टी20 मुकाबले में खेलते हुए दिखेंगे। उमेश ने इससे पहले अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी 2019 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। आखिरी बार वह एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2018 में उतरे थे।

उमेश का प्रदर्शन आईपीएल के 2022 सत्र में अच्छा रहा था। इसके बाद टीम में जगह नहीं मिलने के कारण वह काउंटी क्रिकेट खेलने इंग्लैंड चले गये थे। उमेश अभी फॉर्म में हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले आजमाना चाहता है क्योंकि अगर स्टैंडबाय के तौर पर रखे गये शमी या कोई और गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में चोटिल होता है तो उमेश को उसके विकल्प के तौर पर रखा जा सके। शमी के बाहर होने से अब टी-20 विश्व कप में भारत के लिए चार तेज गेंदबाज तय हो गये हैं। ऐसे में जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। टी-20 विश्व कप 16 अक्टूबर से शुरू होगा और इसका फाइनल 13 नवंबर को खेला जाएगा।






ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है– रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत, (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, उमेश यादव, हर्षल पटेल, दीपक चाहर और जसप्रीत बुमराह।

## 81 करोड़ में बिकी माइकल जॉर्डन की जर्सी, इतने में खरीद सकते हैं एक प्राइवेट जेट

**नई दिल्ली ।** पूर्व बास्केटबॉल स्टार माइकल जॉर्डन की गिनती दुनिया के बड़े खिलाड़ियों में होती है। जॉर्डन के चाहने वालों की लंबी फेहरिस्त है। उनके और उनसे जुड़ी चीजों को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा हाल ही में नीलामी में बिकी उनकी एनबीए टीम शिकागो बुल्स की जर्सी की कीमत से लग जाता है। जॉर्डन ने यह जर्सी एनबीए के छठे खिताब जीतने के दौरान पहनी थी। इस जर्सी को जॉर्डन पर बनाई डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'द लास्ट डांस' में भी दिखाया गया था। जॉर्डन की यह जर्सी हाल ही में हुई नीलामी में 10.091 मिलियन डॉलर यानी 81 करोड़ रुपये में खरीदी गई।



जॉर्डन ने यह जर्सी 1998 में एनबीए फाइनल सीरीज के गेम 1 में पहनी थी। इस जर्सी के साथ ही उन्होंने शिकागो बुल्स के साथ अपना छठा और आखिरी एनबीए खिताब जीता था। इसके साथ, ही जर्सी डिएगो माराडोना की 'हैंड ऑफ गॉड शर्ट को पीछे छोड़कर खेल इतिहास की सबसे महंगी जर्सी बन गई। माराडोना ने 1986 के फुटबॉल वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में जो जर्सी पहनी थी, वहां 9.28 मिलियन डॉलर में नीलामी में बिकी थी। जॉर्डन की जर्सी जितनी कीमत में नीलामी में बिकी है, उससे सबसे कम कीमत वाले प्राइवेट जेट खरीदे जा सकते हैं। बाजार में मौजूद सबसे सस्ते प्राइवेट जेट, साइरस विजन की कीमत करीब 15 करोड़ रुपये है। इसके अलावा सेसना साइटेशन सीजे+3 भी है, जिसे 66 करोड़ रुपये में खरीदा जा सकता हैं। जर्सी की नीलामी करने वाले ऑक्शन हाउस से ओर से कहा गया, 'एक एथलीट के रूप में 1998 का एनबीए सीजन जॉर्डन के लिए सबसे यादगार रहा। यह एक चैम्पियन खिलाड़ी और प्रतियोगी के रूप में उनका कद बताने के लिए काफी है।

ऑक्शन हाउस ने कहा कि जब से हमने जॉर्डन की इस ऐतिहासिक जर्सी की नीलामी का ऐलान किया था, तब से ही न सिर्फ स्पोर्ट्स फैन, बल्कि इस तरह की ऐतिहासिक महत्व की चीजों को इकठ्ठा करने वालों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। जर्सी को नीलामी में जो कीमत मिली, यह इस बात का सबूत भी है कि जॉर्डन ऑल टाइम ग्रेटेस्ट खिलाड़ियों में शुमार हैं और उनके लिए जो दीवानगी और चाहत 25 साल पहले नजर आती थी, वहां आज भी बरकरार है। ओवरऑल नीलामी में बिके सबसे महंगे खेल के सामान की बात की जाए, तब जॉर्डन और माराडोना की जर्सी अभी भी पीछे है। अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी मिकी मेंटल से जुड़ा कार्ड पिछले महीने ही नीलामी में 12.6 मिलियन डॉलर में बिका था।

## वॉर्नर और स्मिथ को कप्तान बनाने के पक्ष में नहीं हैं जॉनसन

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ को टीम की कप्तानी नहीं देनी चाहिये। जॉनसन के अनुसार वॉर्नर और स्टीव को जिम्मेदारी सौंपने से पुराने मामले फिर उभर सकते हैं जिससे टीम को नुकसान हो सकता है। इसके अलावा इन दोनो की उम्र बढ़ रही है। ऐसे में ये लंबे समय तक टीम का नेतृत्व नहीं कर सकते हैं।

एरॉन फिंच के एकदिवसीय कप्तानी से इस्तीफे के बाद ही टीम नये कप्तान की तलाश में है। इसके लिए वॉर्नर और स्टीव भी कप्तानी की दौड़ में हैं। वहीं अन्य दावेदारों में पैट कमिंस, ग्लैन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन आदि हैं। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के मामले में प्रतिबंध लगने के बाद से ही स्मिथ को कप्तानी से जबकि वॉर्नर को उपकप्तानी से हटा दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन भी स्मिथ और वॉर्नर को ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान बनाने के पक्ष में नहीं हैं। जॉनसन के अनुसार ट्रेविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीम को ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाना चाहिये।

जॉनसन ने कहा कि वह कमिंस को भी एकदिवसीय टीम का कप्तान नहीं बनाया जाना चाहिये। जॉनसन के मुताबिक कमिंस पहले ही टेस्ट टीम के कप्तान हैं और इससे उनपर काम का भार और बढ़ जाएगा। इससे उनका प्रदर्शन प्रभावित होगा। गौरतलब है कि कमिंस को पिछले साल टिम पेन की जगह टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी।



*लंदन में एसयूपी विश्वकप टूर वाटर स्पोर्टस मुकाबले में जीत के बाद उत्साहित अमेरिका के केनोर बैकसटर।*

**व्यापार न्यूज**

### डिस्कॉम का बकाया अधिभार घटकर 700 करोड़ रह गया

**नई दिल्ली ।** बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) का बकाया तेजी से घटकर 713.29 करोड़ रुपए रह गया, जो 17 अगस्त मे 5,085.30 करोड़ रुपए था। डिस्कॉम को यह राशि बिजली उत्पादन कंपनियों (जेनकॉस) को चुकानी थी। चूक करने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने चलते बकाया राशि में यह कमी हुई। बिजली मंत्रालय द्वारा अधिसूचित बिजली, नियम 2022 के तहत चूक करने वाली इकाइयों को बिजली एक्सचेंजों में व्यापार करने से रोक दिया गया था। राष्ट्रीय ग्रिड परिचालक बिजली प्रणाली परिचालन निगम लिमिटेड (पोसोको) ने तीन बिजली एक्सचेंजों आईईएक्स, पीएक्सआईएल और एचपीएक्स से 13 राज्यों में 27 डिस्कॉम द्वारा बिजली के कारोबार को प्रतिबंधित करने के लिए कहा था। इन डिस्कॉम का जेनकॉस पर बकाया था। प्राप्ति पोर्टल पर भुगतान अधिभार बकाया के बारे में दी गई ताजा जानकारी से पता चलता है कि कर्नाटक में तीन डिस्कॉम और जम्मू–कश्मीर में एक पर 16 सितंबर, 2022 को कुल बकाया राशि 713.29 करोड़ रुपए है। यह आंकड़ा 17 अगस्त 2022 को 5,085.30 करोड़ रुपए था।

### महिंद्रा समूह और ओंटारियो टीचर्स करेगी रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा समूह और ओंटारियो टीचर्स ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत वे महिंद्रा सस्टेन प्राइवेट लिमिटेड (एमएसपीएल) के पोर्टफोलियो को विकसित करने के लिए लगभग 4,550 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। एमएसपीएल एक नवीकरणीय ऊर्जा मंच है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक महिंद्रा समूह और ओंटारियो टीचर्स ने एमएसपीएल के भविष्य के पोर्टफोलियो को विकसित करने के लिए लगभग 4,550 करोड़ रुपए निवेश करने पर सहमति जताई है। इसके तहत महिंद्रा होल्डिंग्स लिमिटेड (एमएचएल) की सहायक कंपनी एमएसपीएल और 2452991 ओंटारियो लिमिटेड (2ओएल) ने रणनीतिक साझेदारी के तहत शेयर खरीद समझौता और शेयरधारकों के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत एमएचएल, 2ओएल को एमएसपीएल में 30 प्रतिशत इक्विटी को बेचेगी।

## टाटा को पछाड़ देश का सबसे बड़ा मूल्यवान बिजनेस ग्रुप बना अडानी समूह

**नई दिल्ली ।** देश और दुनिया में तेजी से आगे बढ़ रहे गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी समूह देश का सबसे मूल्यवान बिजनेस ग्रुप बन चुका है। अडानी ग्रुप का मार्केट कैप 22.25 लाख करोड़ रुपये यानी करीब 260 अरब डॉलर पहुंच चुका है। अडानी ग्रुप ने 154 साल पुराने टाटा ग्रुप को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है। शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद टाटा समूह की सभी फर्मों का कुल मार्केट कैप 20.81 लाख करोड़ रुपये था। अडानी समूह की 9 लिस्टेड फर्मों ने शुक्रवार को कुल मिलाकर 40,000 करोड़ रुपये का मार्केट कैप खो दिया, जबकि टाटा समूह के मार्केट कैप में लगभग 60,000 करोड़ की गिरावट आई है। वहीं मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज 17.07 लाख करोड़ रुपये मार्केट कैप के साथ तीसरे स्थान पर है। 3 साल से कम समय में अडानी ग्रुप की सात लिस्टेड कंपनियों ने निवेशकों की संपत्ति में 18.7 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की है। वहीं 2019 के अंत में इन कंपनियों का कुल मार्केट कैप दो लाख करोड़ रुपये था। इसके बाद हर महीने लगभग 56,700 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके अलावा, टाटा ग्रुप ने 9 लाख करोड़ रुपये और रिलायंस ने 7.4 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है।

अंबुजा सीमेंट और एसीसी का अधिग्रहण पूरा होने के बाद से अडानी ग्रुप को टाटा समूह से आगे निकलने में मदद की। इन दो कंपनियों के अधिग्रहण के बाद अडानी समूह का कुल मार्केट कैप 22.25 लाख करोड़ रुपये किया है। एसीसी और अंबुजा सीमेंट को छोड़कर अडानी समूह के मार्केट कैप में इस साल लगभग 10.16 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वहीं इस अवधि के दौरान, टाटा समूह को अपनी प्रमुख कंपनी के रूप में मार्केट कैप में 2.57 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

फोर्ब्स की रीयल-टाइम अरबपतियों की लिस्ट के मुताबिक, अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी ने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनने के लिए अमेज़ॅन के जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया है।




*फिलीपींस में इंटरनेशनल मोटर शो में शामिल कारें।*

### सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो लाख करोड़ घटा

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों मे से छह का बाजार पूंजीकरण 2,00,280.75 करोड़ रुपए घट गया। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को हुआ। पिछले हफ्ते सेंसेक्स 952.35 अंक गिरा था।इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस और एचडीएफसी के बाजार पूंजीकरण में कमी हुई। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अडाणी ट्रांसमिशन और बजाज फाइनेंस को फायदा हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 76,346.11 करोड़ रुपए घटकर 11,00,880.49 करोड़ रुपए, इंफोसिस का पूंजीकरण 55,831.53 करोड़ रुपए घटकर 5,80,312.32 करोड़ रुपए, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 46,852.27 करोड़ रुपए घटकर 16,90,865.41 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 14,015.31 करोड़ रुपए गिरकर 5,94,058.91 करोड़ रुपए, एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 4,620.81 करोड़ रुपए घटकर 4,36,880.78 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,614.72 करोड़ रुपए घटकर 8,31,239.46 करोड़ रुपए रह गया। इस दौरान बढ़त दर्ज करने वालों में अडाणी ट्रांसमिशन का बाजार पूंजीकरण 17,719.6 करोड़ रुपए बढ़कर 4,56,292.28 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,273.55 करोड़ रुपए बढ़कर 5,01,206.19 करोड़ रुपए हो गया।

## आरबीआई की टोकनाइजेशन सुविधा 1 अक्टूबर से, कार्ड होल्डर्स को मिलेंगी ज्यादा सुविधा

**नई दिल्ली ।** देशभर में बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों पर शिकंजा कसने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अगले महीने से कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने वाली है। दरअसल, आरबीआई क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों के लिए 1 अक्टूबर से कार्ड-ऑन-फाइल टोकनाइजेशन नियम ला रहा है। आरबीआई के मुताबिक इस नियम के लागू होने के बाद कार्डहोल्डर्स को ज्यादा सुविधाएं और सुरक्षा मिलेगी। गौरतलब है कि पहले यह नियम 1 जनवरी 2022 से लागू होने वाले थे लेकिन अब आरबीआई ने इसकी समय सीमा को और 6 माह के लिए बढ़ा कर 30 जून कर दिया था। बाद में आबीआई ने इसकी तारीख फिर से बढ़ाकर 1 अक्टूबर की दी है। टोकनाइजेशन की सुविधा अगले महीने 1 अक्टूबर से लागू कर दी जाएगी। ऐसे में आरबीआई ने सभी क्रेडिट और डेबिट कार्ड डेटा ऑनलाइन, पॉइंट-ऑफ-सेल और इन ऐप से होने वाले लेन-देन को एक ही में मर्ज कर एक यूनिक टोकन जारी करने को कहा है। इस सुविधा के बारे में जानकारी नीचे दी जा रही है-

- जब आप लेन-देन के लिए अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो लेन-देन 16-अंक के कार्ड नंबर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी के साथ-साथ वन-टाइम पासवर्ड या ट्रांजेक्शन पिन जैसी जानकारी पर आधारित होता है। जब इन सभी जानकारी को सही से डाला जाता है तभी लेनदेन सफल होता है। टोकनाइजेशन वास्तविक कार्ड विवरण को टोकन नामक एक यूनिक वैकल्पिक कोड में बदलेगा। यह टोकन कार्ड, टोकन अनुरोधकर्ता और डिवाइस के आधार पर हमेशा यूनिक होगा।
- जब कार्ड के विवरण एन्क्रिप्टेड तरीके से स्टोर किए जाते हैं, तो धोखाधड़ी का जोखिम बहुत कम हो जाता है। आसान भाषा में, जब आप अपने डेबिट/क्रेडिट कार्ड की जानकारी टोकन के रूप में शेयर करते हैं तो आपका रिस्क कम हो जाता है।
- रिजर्व बैंक ने कहा है कि टोकन व्यवस्था के तहत हर लेनदेन के लिए कार्ड विवरण इनपुट करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। डिजिटल भुगतान को और प्रभावी बनाने और इसे सुरक्षित बनाने के लिए रिजर्व बैंक के प्रयास जारी रहेंगे।
- इस व्यवस्था में आपके कार्ड की जानकारी को यूनिक वैकल्पिक कोड में बदल दिया जाएगा। इस कोड की मदद से भुगतान संभव हो सकेगा। इस प्रक्रिया में भी आपको अपने कार्ड के सीवीवी नंबर और वन टाइम पासवर्ड की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा अतिरिक्त सत्यापन के लिए भी सहमति देनी होगी।
- डिजिटल भुगतान के दौरान आपको टोकन नंबर चुनने का विकल्प दिया जाएगा। इस पर क्लिक करते ही संबंधित कार्ड की जानकारी को टोकन नंबर में परिवर्तित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आपकी सहमति लेकर अनुरोध भेजा जाएगा। इसके बाद आपको कार्ड नंबर की बजाय टोकन नंबर दिया जाएगा। इसकी मदद से भुगतान कर पाएंगे। खास बात यह है कि अलग-अलग वेबसाइट के लिए एक ही कार्ड के लिए अलग-अलग टोकन नंबर जारी किए जाएगा।
- वीजा, मास्टरकार्ड और रूपे जैसे कार्ड नेटवर्क के जरिए टोकन नंबर जारी किया जाएगा। वह कार्ड जारी करने वाले बैंक को इसकी सूचना देंगे। कुछ बैंक कार्ड नेटवर्क को टोकन जारी करने से पहले बैंक से इजाजत लेनी पड़ सकती है। इस सेवा का लाभ उठाने के लिए ग्राहक को कोई शुल्क नहीं देना होगा।
- ग्राहक यह चुन सकता है कि उसके कार्ड को टोकन दिया जाए या नहीं। जो लोग टोकन नहीं बनाना चाहते हैं वे लेन-देन करते समय मैन्युअल रूप से कार्ड डिटेल दर्ज करके पहले की तरह लेनदेन करना जारी रख सकते हैं।
- ग्राहक कितने भी कार्डों के टोकन के लिए अनुरोध कर सकता है। लेनदेन करने के लिए, ग्राहक टोकन अनुरोधकर्ता ऐप के साथ रजिस्टर्ड किसी भी कार्ड का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र होगा।

### विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत 75 आवेदन आए

**नई दिल्ली ।** सरकार को विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत घरेलू कंपनियों से लगभग 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस्पात मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आवेदकों में टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसपीएल, एएमएनएस इंडिया और सेल जैसी सभी प्रमुख इस्पात कंपनियां शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। करीब 75 आवेदन आए हैं। अधिकारी के मुताबिक हालांकि किसी विदेशी संस्था से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावों की छंटनी के बाद सरकार एक अंतिम सूची जारी करेगी, जिसमें लगभग 35-40 दिन लगेंगे। सरकार ने विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत आवेदन करने के लिए 15 सितंबर की समयसीमा तय की थी।

# गले में गांठ हो गई है तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगी राहत



किसी तरह के इंफेक्शन की वजह से गले में गांठ हो सकती है और ये दर्द भी उत्पन्न कर सकती है। इसके लिए अक्सर लोग बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी पेनकिलर खा लेते हैं या फिर इसे सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, हालांकि यही लापरवाही भविष्य में उन्हें भारी पड़ सकती है। आइए आज कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप गले में हुई गांठ से राहत पा सकते हैं।

### लहसुन आएगा काम

लहसुन एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लामेटरी गुणों से समृद्ध होता है जो गले की गांठ से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए पहले एक गिलास पानी में कद्दूकस की हुई लहसुन की एक-दो कलियां और काली मिर्च का एक चुटकी पाउडर उबालें और फिर इस पानी को छानकर पी जाएं। आप चाहें तो गांठ पर एलोवेरा और लहसुन का पेस्ट भी लगा सकते हैं। पेस्ट लगाने के 15 मिनट बाद गले को धो लें।

### चारकोल का करें इस्तेमाल

गले की गांठ को दूर करने के लिए एक्टिवेटेड चारकोल का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए पहले एक कटोरी में चारकोल पाउडर और अलसी के बीजों के पाउडर की बराबर मात्रा मिलाएं और फिर इसमें थोड़ा पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को गांठ वाली जगह पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद इस जगह को धोकर सुखा लें। दिन में दो-तीन बार इस उपाय को अपनाएं।

### तरबूज का रस पीएं

तरबूज का रस पीने से भी गले की गांठ दूर हो सकती है। तरबूज के रस में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं जो इंफेक्शन के कीटाणुओं को खत्म कर गांठ से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। राहत के लिए सबसे पहले तरबूज को टुकड़ों में काटें और फिर जूसर मिक्सर से इनका रस निकाल लें। अब इस रस को गिलास में डालकर इसमें सेंधा नमक मिलाएं और फिर इसका सेवन करें।

### पपीते का पेस्ट लगाएं

गले की गांठ की समस्या दूर करने के लिए आप पपीते का पेस्ट भी लगा सकते हैं। पपीते में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो गांठ को ठीक करके गले को आराम पहुंचा सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए पहले पपीते के टुकड़ों को मिक्सी में अच्छे से पीस लें और फिर इसमें थोड़ी सी हल्दी मिलाकर इसे गांठ से प्रभावित जगह पर लगाएं। 15 मिनट के बाद गले को साफ कर लें।

## अजय देवगन को सॉल्ट एंड पैपर लुक में देख दीवाने हुए फैंस



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन फैंस के दिलों में राज करते हैं. अजय देवगन ने अपने करियर में कई शानदार फिल्मों में काम किया है. अजय अक्सर अपनी फिल्मों के लिए खास तरह का लुक भी खुद पर ट्राई करते हैं. हाल ही में अजय की कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें वह एक अलग ही अंदाज में दिखाई दे रहे हैं. अजय के नए लुक को देखकर फैंस चौंक गए हैं. अजय देवगन एक ऐसे एक्टर हैं, जिनको हर आयु वर्ग के लोग पसंद करते हैं. 90 के दशक से आज तक अजय फैंस के दिलों में घर किए हुए हैं. अजय अब अचानक से अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं. कुछ फोटोज और एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अजय देवगन के होने का दावा किया जा रहा है. इन फोटो में अजय एक दम सफेद दाढी में दिखाई दे रहे हैं. अगर फोटो में अजय देवगन वाकई में हैं, तो उनका ये अलग अंदाज काबिले तारीफ है. सोशल मीडिया पर अजय देवगन का ये नया लुक जमकर वायरल हो रहा है. अजय अपने इस नए लुक में बड़ी-बड़ी दाढ़ी-मूछों में नजर आ रहे हैं. अजय इससे पहले कभी भी इस तरह के लुक में नजर नहीं आए हैं. ऐसे में फैंस हैरान हैं और पूछ रहे है कि वाकई में वह अजय ही हैं या फिर कोई और. वहीं कुछ फैंस तो अजय की सेहत को लेकर तक चिंता में आ गए हैं. हम आपको बता दें कि अजय देवगन ने जो लुक इस समय लिया हुआ है वह उनकी आगामी फिल्म को लेकर है. जी हां एक्टर ने अपना यह लुक अपकमिंग फिल्म 'थैंक गॉड' के लिए रखा है. इस फिल्म में अजय एक अलग अंदाज में फैंस से रूबरू होने वाले हैं. इस फिल्म में अजय देवगन के साथ कलाकार सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आने वाले हैं. इस फिल्म का निर्देशन इंदर कुमार कर रहे हैं, जो अजय देवगन के काफी अच्छे दोस्त भी हैं. आपको बता दें कि हाल ही में अजय देवगन ने अपनी फिल्म 'भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया' की रिलीज डेट का ऐलान किया है. मल्टी स्टारर भुज 13 अगस्त हॉटस्टार पर रिलीज होगी. अजय के पास इस वक्त मैदान जैसी कई फिल्में हैं.

# डब्बू रत्नानी के कैलेंडर में जैकलीन फर्नांडिस का जबरदस्त अंदाज




बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी इन दिनों अपने आगामी कैलेंडर के लिए फोटोशूट कर रहे हैं। उन्होंने अब तक बॉलीवुड के कई सेलेब्स की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। अब इसी बीच अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने डब्बू रत्नानी के कैलेंडर के लिए फोटोशूट करवाया है, जिसकी झलक खुद उन्होंने फैंस को दिखाई है। जैकलीन फर्नांडिस के ताजा फोटोशूट की तस्वीरें खुद डब्बू रत्नानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें अभिनेत्री बेड पर बैठी हुई है और एक चादर से खुद को ढक रखा है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए डब्बू रत्नानी ने कैप्शन में लिखा कि, सुबह जल्दी उठ जाए ताकि जब लोग सपने देख रहे हो तो आप अपने सपनों को पूरा कर सके। डब्बू रत्नानी ने जैकलिन फर्नांडिस की इस तस्वीर को मॉर्निंग मोड का टच देने की कोशिश की है और इसमे वो काफी हद तक सफल भी हुए हैं। जैकलीन फर्नांडिस की ये तस्वीरें वायरल होने लगी है जिस पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया भी आ रही है। इस तस्वीर को अब तक ढेर सारे कमेंट और लाइक मिल चुके हैं। अगर हम बात करें जैकलीन फर्नांडिस के काम की तो वो हाल ही में रिलीज हुए म्यूजिक वीडियो मैं पानी पानी हो गई से सुर्खियों में बनी थी। उनका ये गाना काफी पसंद किया गया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में अभिनेत्री कई फिल्मों में दिखाई देने वाली है जिसमे उनकी फिल्म भूत पुलिस और सर्कस जैसी शामिल है। जैकलिन फर्नांडीस की अपकमिंग फिल्म भूत पुलिस एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। जिसमें मुख्य किरदार के रूप में अभिनेत्री के अलावा यामी गौतम, सैफ अली खान, अर्जुन कपूर जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। ये फिल्म इसी 17 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है।

# अरशद वारसी अभिनीत वेब सीरीज असुर 2 की शूटिंग शुरू हुई



अरशद वारसी बॉलीवुड के कमाल के अभिनेता हैं। वह अपने अभिनय से किसी भी किरदार में जान फूंक देते हैं। पिछले साल अरशद ने वेब सीरीज असुर के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू किया था। अब वह इसके दूसरे सीजन असुर 2 को लेकर चर्चा में हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि अरशद के साथ टीम ने असुर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। अरशद सीरीज में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

लेट्स ओटीटी ग्लोबल के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर सीरीज की शूटिंग शुरू होने की जानकारी शेयर की गई है। लेट्स ओटीटी ग्लोबल ने ट्विटर पोस्ट में लिखा, सीरीज असुर 2 की शूटिंग आज से शुरू हो गई है। सीरीज को इसी साल दिसंबर में रिलीज करने की योजना है। सीरीज का निर्देशन ओनी सेन द्वारा किया जाएगा। यह एक क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें बरूण सोबती, रिद्धि डोगरा, अनुप्रिया गोयनका, शारिब हाशमी के साथ कुछ नए चेहरे भी दिखेंगे। असुर के पहले सीजन ने दर्शकों को अपनी दिलचस्प कहानी से प्रभावित किया था। यह सीरीज हिट साबित हुई थी। अरशद ने अपनी उत्सुकता साझा करते हुए कहा, जहां तक मेरे करियर की बात है, असुर मेरे लिए एक अच्छा प्रोजेक्ट साबित हुआ है। यह मेरा डिजिटल डेब्यू था और पहले सीजन के हिट होने के बाद मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि लोग हमारे नए सीजन को कैसी प्रतिक्रिया देंगे। सीरीज के पहले सीजन की सफलता के बाद दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। सीरीज के कलाकार भी इस चीज को भलिभांति समझते हैं। सीरीज की पूरी टीम इस प्रोजेक्ट को एक अलग ऊंचाई देना चाहती है। बरूण ने भी इस शो को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा, सीरीज की पूरी टीम मानसिक और शारीरिक रूप से लक्ष्य को पूरा करने में जुटी हुई है।

## जलियांवाला बाग हत्याकांड पर वेब सीरीज बनाएंगे निर्देशक राम माधवानी

आजकल बॉलीवुड में देश और समाज की सच्ची घटना से प्रेरित प्रोजेक्ट पर फिल्म मेकर्स काफी ध्यान दे रहे हैं। सच्ची घटना से प्रेरित ऐसी फिल्मों या वेब सीरीज से दर्शकों का जुड़ाव स्थापित होता है। इस तरह के प्रोजेक्ट में दर्शक स्वाभाविक तौर पर अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं। खबरों की मानें तो महान फिल्म निर्देशक राम माधवानी भारत की दर्दनाक व ऐतिहासिक घटना जलियांवाला बाग हत्याकांड पर एक वेब सीरीज बनाएंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्देशक माधवानी जलियांवाला बाग हत्याकांड पर एक वेब सीरीज बनाने वाले हैं। खबरों की मानें तो इस सीरीज का शीर्षक जलियांवाला बाग: द वेकिंग ऑफ ए नेशन रखा गया है। माधवानी ने इससे पहले आर्या का निर्देशन किया है, जिसमें सुष्मिता सेन नजर आई थीं। अभी वह नेटफ्लिक्स की फिल्म धमाका को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कहा जा रहा है कि सीरीज की कहानी हंटर कमीशन की रिपोर्ट में की गई रिसर्च पर आधारित है। इस कमीशन का गठन यह पता लगाने के लिए किया गया था कि उस समय पंजाब में घटित जलियांवाला बाग हत्याकांड में असल में क्या हुआ था। इस हत्याकांड की जांच के लिए ब्रिटिश सरकार ने इसका गठन किया था। इस सीरीज को माधवानी ही निर्देशित करेंगे। राम माधवानी फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया जाएगा। जलियांवाला बाग हत्याकांड से पहले देश में रोलैक्ट एक्ट का विरोध चल रहा था। 13 अप्रैल, 1919 को हजारों लोग बैसाखी के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए। सभी शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। ब्रिटिश सरकार के ब्रिगेडियर जनरल डायर को किसी ने सूचना दी कि सभी लोग रोलैक्ट एक्ट के विरोध में इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद डायर ने बिना चेतावनी के लोगों पर गोलियां चलाने का आदेश दे दिया था। इसमें हजारों लोग मारे गए थे।

# तमन्ना भाटिया के जबरदस्त ठुमकों ने बटोरी सुर्खियां



बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया फिर एक बार चर्चा में हैं. तमन्ना सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहती हैं. जहां वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीरों को पोस्ट करती रहती हैं. इस बार एक्ट्रेस ने अपने फैंस के लिए एक खास वीडियो पोस्ट किया है. जो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक्ट्रेस हमें अपने दमदार ठुमकों से घायल करती हुई नजर आ रही हैं. इंटरनेट पर एक्ट्रेस का ये वीडियो खूब देखा जा रहा है.

इस वीडियो में एक्ट्रेस के डांस मूव्स के बारे में दर्शक खूब तारीफ कर रहे हैं. तमन्ना का ये वीडियो बेहद तेज है जिसमें वो अपने डांस पार्टनर के साथ स्टेप्स को मैच कर रही हैं. इस वीडियो को तमन्ना ने 6 घंटे पहले पोस्ट किया है. जहां इस वीडियो को अब तक 17 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया है और साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों ने इसे अब तक पसंद किया है. जिस वजह से एक्ट्रेस का ये वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है. तमन्ना भाटिया ने तमिल, तेलुगू, हिंदी समेत कई और भाषाओं की फिल्मों में भी काम किया है. जिस वजह से एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग तगड़ी है. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने हाल ही में 2 बड़ी वेब सीरिज के साथ भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू किया है. 'जिसमें एल्वेंथ आर' और नवंबर स्टोरी शामिल है. तमन्ना भाटिया ने अपनी फिल्म बाहुबली से दुनियाभर में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था. जिसके बाद वो लगातार फिल्मों में हमें नजर आ रही हैं. खबर है कि एक्ट्रेस हमें बहुत जल्द अपनी अगली फिल्म 'बोले चूड़ियां' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आएंगी. देखना होगा ये फिल्म कब रिलीज होती है।

# नॉन-स्टिक पैन को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



आजकल कई लोग खाना बनाने के लिए नॉन-स्टिक पैन का इस्तेमाल करते हैं ताकि कम तेल में खाना बन सके। इसके अलावा इससे तेल की चिकनाई को निकालने के लिए ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ती है। हालांकि अगर नॉन-स्टिक पैन की अच्छी तरह और सावधानीपूर्वक सफाई न की जाए तो यह जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर नॉन-स्टिक पैन की अच्छे से सफाई की जा सकती है।

### क्लोरीन ब्लीच का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने नॉन-स्टिक पैन को अच्छी तरह और सावधानीपूर्वक साफ करना चाहते हैं तो इसके लिए आप क्लोरीन ब्लीच का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक बड़ी चम्मच क्लोरीन ब्लीच को एक कप गर्म पानी में अच्छे से मिलाएं और फिर इस मिश्रण से अपने नॉन-स्टिक पैन को साफ करें। यकीन मानिए क्लोरीन ब्लीच की सफाई से आपका पैन पूरी तरह से नए जैसा लगेगा।

### बेकिंग सोडा भी करेगा मदद

इस काम में बेकिंग सोडा भी आपकी काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक कटोरे में एक बड़ी चम्मच बेकिंग सोडा, एक बड़ी चम्मच नमक और दो बड़ी चम्मच सिरका डालकर उन्हें अच्छे से मिलाएं। अब एक सॉफ्ट ब्रिसल ब्रश की मदद से इस मिश्रण से नॉन-स्टिक पैन को रगड़ें और फिर साफ पानी से पैन को धो लें। ऐसा करने से नॉन-स्टिक पैन बेहद आसानी से अच्छी तरह से साफ हो जाएगा।

### सिरका आएगा काम

आप चाहें तो नॉन-स्टिक पैन की सफाई के लिए सिरके का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नॉन-स्टिक पैन में आधा कप सिरका, थोड़ा डिटर्जेंट पाउडर और आधा कप पानी डालें और जब पानी उबल जाए तो लकड़ी की चम्मच से इसे चलाएं ताकि सारी चिकनाई हट जाए। अब गैस बंद करके पैन का सारा पानी सिंक में फेंक दें और इसे सामान्य बर्तनों की तरह धो लें। इससे नॉन-स्टिक पैन अच्छे से साफ हो जाएगा।

### नमक भी है असरदार

नॉन-स्टिक पैन से जिद्दी दागों को साफ करने और चमकाने के लिए नमक का इस्तेमाल करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसके लिए एक बड़े कटोरे में पानी लेकर उसमें एक कप सिरका और एक कप नमक अच्छी तरह मिलाएं और फिर इस मिश्रण को गर्म नॉन-स्टिक पैन में डालकर उसे करीब आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद पैन के पानी को सिंक में फेंक दें और इसे सामान्य पानी से धो लें।

## 'हंगामा 2' में 'चिंता ना कर' गाने की शूटिंग में काफी मजा आया था: मिजान जाफरी



अभिनेता मिजान जाफरी ने कहा कि आने वाली फिल्म 'हंगामा 2' के गाने 'चिंता ना कर' की शूटिंग के दौरान उन्हें काफी मजा आया। मिजान ने कहा, मैं दर्शकों से इतना प्यार पाकर बहुत रोमांचित हूं। चिंता ना कर एक सुंदर रचना है, और हमने इसकी शूटिंग में एक धमाका किया। मुझे उम्मीद है कि वे फिल्म को उसी प्यार से सराबोर करेंगे। मीजान और प्रणिता सुभाष अभिनीत, गाना अनु मलिक द्वारा रचित है। मलिक ने कहा, यह एल्बम के मेरे पसंदीदा गीतों में से एक है। ईमानदारी से कहूं तो रिलीज होने के एक दिन के भीतर इसे जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं अभिभूत हूं। 'हंगामा 2' का प्रीमियर 23 जुलाई को होगा।

# कैंपस प्लेसमेंट के लिए इस प्रकार करें तैयारी

कैंपस प्लेसमेंट करीब आते ही अंतिम वर्ष के छात्र तनाव में आ जाते हैं। इस दौरान उनके दिमाग में कई सवाल दौड़ रहे होते हैं। जैसे कौन सी कंपनी आएगी? कौन साक्षात्कार लेगा? और तो और ये सवाल आपको अपने लक्ष्य से भी भटका देते हैं। परिवार का दबाव भी आपके सताता रहता है। इन तमाम मुश्किलों से निपटने का एक ही तरीका है- खुद को साक्षात्कार के लिए अच्छी तरह तैयार किया जाए। यहां जानते हैं कैसे आप अपने को तैयार करें।



## पहले पहले अपने रिज्यूमे पर ध्यान दें-

आपका रिज्यूमे आपके बारे में काफी कुछ बताएगा। इसमें आपकी प्रमुख उपलब्धियां बोल्ड हेडिंग के साथ होनी चाहिए। आप अपनी पसंद के अलग-अलग रोल के हिसाब से अलग-अलग रिज्यूमे भी बना सकते हैं। अपने फेसबुक और लिंक्डिन अकाउंट से भी ऐसी अनावश्यक सामग्री हटा लें जो कि जॉब मिलने में दिक्कत पैदा कर सकती है। रिज्यूमे एक या दो पेज का ही होना चाहिए। अच्छा होगा कि एक ही पेज में हो।इसी में आपनी पेशेवर और अकादमिक योग्यता लिखें।

## संस्थान और साक्षात्कार लेने वाले की जानकारी हासिल करें।

किसी भी साक्षात्कार का सामना करने से पहले उस कंपनी के बारे में जानें। साक्षात्कार के बारे में रिसर्च करें। ऐसा करने से आप उन कुछ सवालों की तैयारी कर पाएंगे जो इंटरव्यू के दौरान पूछे जा सकते हैं।

## गलतियों न करें-

साक्षात्कार हॉल में प्रवेश करने के बाद कुछ सामान्य गलतियां करने से बचें। साक्षात्कार लेने वाले से आई-कॉन्टेक्ट होना जरूरी है। हमेशा विनम्र और सहनशील बने रहें। साक्षात्कार लेने वाला कई बार अटपटे सवाल पूछकर धैर्य की परीक्षा लेता है। साक्षात्कार में पेंसिल का पीछे वाला हिस्सा चबाना, नर्वस होना और कैजुरल रहना, जैसी चीजों से बचें। इसके साथ ही अति आत्मविश्वासी भी न बनें।

## बॉडी लेंग्वेज और प्रॉपर ड्रेस

साक्षात्कार में खुद को पेश करना भी काफी मायने रखता है। इस बीच आपकी बॉडी लेंग्वेज बहुत कुछ कहती है। फॉर्मल ड्रेस आपको हमेशा फायदा देगी। साक्षात्कार लेने वालों से गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाकर मिले। आपके हाथ मिलाने का अंदाज आपके जोशीले व्यक्तित्व को बताएगा। एक परिपक्व व्यक्ति की तरह पेश आएं।

## जॉब के प्रति दिखाएं दिलचस्पी

साक्षात्कार के उन 5 से 10 मिनट के दौरान आपके ये साबित करना होगा कि उस जॉब में आपकी काफी दिलचस्पी है।ऐसा करने से साक्षात्कार लेने वाला शख्स इस बात को लेकर आश्वस्त हो जाएगा कि आपकी प्राथमिकताएं बहुत जल्दी बदलने वाली नहीं हैं। जॉब मिलने के बाद उसे आप बहुत जल्दी नहीं छोड़ेंगे। कंपनी अगर आपको ट्रेनिंग देकर काम सिखाएगी तो उसका समय खराब नहीं होगा।

ध्यान रहे आपको उनकी जितनी जरूरत है, उतनी ही उनको भी आपकी जरूरत है। यानी म्यूचुअल कमिटमेंट होनी भी जरूरी है।

## अपने विषय पर पकड़ बनाएं लेकिन जिद्दी न बनें

आपको अपने विषय की अच्छी पकड़ होना जरूरी है। अगर है, तो अच्छी बात है, लेकिन इसके बावजूद भी हमेशा सीखने वाला रुख ही रखना चाहिए। साक्षात्कार के दौरान यह दिखाएं कि आपको नई-नई चीजें सीखने का जुनून है। अपनी फील्ड में आपको नए-नए इनोवेशन करने और उन्हें जानने की भूख है।

अगर किसी अंक पर आपके और इंटरव्यूवर के बीच मतभेद होते हैं तो आपको दृढ़ता के साथ अपने अंक पर टिके रहना चाहिए पर आप जिद्दी ना रहें।

## शुरुआत और अंत के लिए तैयार रहें

साक्षात्कार के शुरुआती तीन मिनट सामने वाले के दिलोदिमाग में आपके प्रति फर्स्ट इम्प्रेशन तैयार करने के लिए काफी होते हैं। इस छोटे से वक्त में इंटरव्यू लेने वाला ये काफी हद तक तय कर लेता है कि आप जॉब के लिए फिट हैं या नहीं। इसलिए शुरुआती तीन मिनट में आप अच्छा बोलें, बॉडी लेंग्वेज पॉजिटिव रखें, आई-कॉन्टेक्ट बनाए रखें, सेन्टेंस और आइडियाज को बेहतर ढंग से शेयर करें। चाहे आपका इंटरव्यू कितना ही खराब क्यों न हुआ हो, आखिर में थैंक्यू कहना कभी न भूलें। ऐसा कहकर आप ये दिखाएंगे कि आप उस जॉब में काफी दिलचस्पी रखते हैं।

## जब पूछा जाएं कमजोरी और ताकत का सवाल?

साक्षात्कार में आमतौर पर आपकी ताकत और कमजोरी पूछ ली जाती है। ऐसी चीजों की आपके पास लंबी लिस्ट होती है जिसमें आप परफेक्ट हैं लेकिन जब बात कमजोरियां बताने की आती है तो वहां आप कंफ्यूज हो जाते हैं। सही बात तो ये है कि अपनी कमजोरियां बताने के लिए ये सही जगह नहीं। लेकिन फिर भी अगर बतानी ही पड़े, तो कुछ ऐसी कमजोरियां पहले से ही सोचकर रखें जो कि आपके लिए प्लस अंक बन जाए। ऐसी कमी बताएं जिसे पूरा करने में कंपनी का फायदा हो।

## अगर आपको मिल जाए सवाल पूछने का मौका।

कई बार साक्षात्कार लेने वाला आपको सवाल पूछने का मौका दे देते हैं। ऐसी स्थिति आने पर अपनी तरक्की और कंपनी आपको भविष्य में क्या देगी, इन सबके बारे में ना पूछें। आपको कंपनी के फ्यूचर प्लान्स के बारे में पूछना चाहिए। इससे उन्हें ये अहसास होगा कि आप लंबे समय तक कंपनी के साथ जुड़े रहना चाहते हैं और आपको सेलेक्ट करना कंपनी के लिए कोई घाटे का सौदा नहीं होगा। तनाव को काबू करें ज्यादातर छात्र प्लेसमेंट इंटरव्यू से बहुत तनाव में होते हैं।

# सेल्स, मार्केट रिसर्च में अच्छे अवसर



नौकरी की तलाश कर रहे युवा परंपरागत क्षेत्रों को छोड़कर इन क्षेत्रों में नौकरी तलाश सकते हैं। निजी क्षेत्र में आजकल सेल्स, ब्रैंड मैनेजमेंट या मार्केट रिसर्च में काफी संभावनाएं हैं हालांकि इसके लिए आपकी कम्यूनिकेशन स्किल्स (संवाद शैली) काफी बेहतर होनी चाहिए। मैनेजमेंट के क्षेत्र में ये विकल्प मौजूद हैं

## इवेंट मैनेजर

इसमें किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने की जिम्मेदारी ली जाती है। इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां किसी भी समारोह को आयोजित करने के लिए इवेंट मैनेजर और अन्य कर्मचारी रखती है। यह लोग, जन्मदिन से लेकर शादी या किसी भी प्रकार की पार्टी का इंतजाम करते हैं इसमें थीम आधारित कार्यक्रम भी रखे जाते हैं। थीम का अर्थ है कार्यक्रम किस प्रकार का है और उसे किस भाषा या संस्कृति के आधार पर आयोजित किया जाएगा।

## ऑपरेशंस मैनेजमेंट

अगर आप विपरीत परिस्थितियों को आसानी से हैंडल कर लेते हैं और तकनीक में आपकी रुचि है, तो आप यह स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। यह क्वॉलिटी कंट्रोल और प्रॉडक्टिविटी इंप्रूवमेंट में अहम भूमिका निभाता है।

## फाइनैंस

ये लोग बैक एंड पर काम करते हैं और इंवेस्टमेंट बैंकिंग, मर्चेंट बैंकिंग, कॉरपोरेट फाइनेंस वगैरह की रीढ़ की हड्डी होते हैं।

## सिस्टम मैनेजमेंट

यह स्पेशलाइजेशन आईटी से ताल्लुक रखता है और अच्छी टेक्निकल व बिजनेस समझ रखने वालों के लिए यह बेहतर रहता है। इसके बाद आपको सिस्टम कंसल्टेंसी, अकाउंट या प्रॉजेक्ट मैनेजमेंट वगैरह में प्लेसमेंट मिल सकता है।

## ह्यूमन रिसॉर्स मैनेजमेंट

इसमें काम करने वाले लोगों पर पूरे ऑफिस के लोगों का मैनेजमेंट होता है। इसके लिए आपके पास अच्छा व्यक्तित्व, अच्छी तरह बात करने की क्षमता और रिश्ते बनाने की कला का होना बेहद जरूरी है।

## स्पेशलाइज्ड एमबीए

कुछ इंस्टिट्यूस प्लेसमेंट्स को ध्यान में रखकर कोर्स ऑफर कर रहे हैं, जिनमें रूरल मैनेजमेंट, रिटेल मैनेजमेंट, टेलिकॉम मैनेजमेंट, इंश्योरेंस मैनेजमेंट, फॉरिन ट्रेड हैं। इस तरह के हैं कोर्स में एमबीए में दो साल की डिग्री के अलावा, एक साल का फुल टाइम प्रोग्राम, पार्ट टाइम एमबीए, डिस्टेंस लर्निंग एमबीए जैसे विकल्प हैं हालांकि हर विषय की अपनी-अपनी खूबी और खामियां हैं।

# इन क्षेत्रों में हैं बेहतर संभावनाएं

अगर आपने विज्ञान विषय से 12वीं पास की है तो आप कई क्षेत्रों में बेहतर रोजगार हासिल कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक के इस युग में रोजगार के लिए परंपरागत क्षेत्रों की जगह इन क्षेत्रों में तेजी से मांग बढ़ रही है। ये नये क्षेत्र हैं।

**नैनो-टेक्नोलॉजी:** एक रिपोर्ट के अनुसार नैनो टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के लगातार बढ़ने की उम्मीद है। नैस्कॉम के मुताबिक आने वाले समय में इस क्षेत्र में पेशेवरों की भारी मांग रहेगी। 12वीं के बाद नैनो टेक्नोलॉजी में बीएससी या बीटेक और उसके बाद इसी विषय में एमएससी या एमटेक करके इस क्षेत्र में शानदार करियर बनाया जा सकता है।

**एस्ट्रो-फिजिक्स:** अगर आप सितारों और गैलेक्सी में दिलचस्पी रखते हैं तो 12वीं के बाद एस्ट्रो-फिजिक्स में रोमांचक करियर बना सकते हैं। इसके लिए आप चाहें तो पांच साल के रिसर्च ओरिएंटेड प्रोग्राम (एमएस इन फिजिकल साइंस) और चार या तीन साल के बैचलर्स प्रोग्राम (बीएससी इन फिजिक्स) में प्रवेश् ले सकते हैं। एस्ट्रोफिजिक्स में डॉक्टरेट करने के बाद स्टूडेंट्स इसरो जैसे



रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन में साइंटिस्ट बन सकते हैं।

**पर्यावरण विज्ञान:** इस स्ट्रीम में पर्यावरण पर इंसानी गतिविधियों से होने वाले असर का अध्ययन किया जाता है। इसके तहत इकोलॉजी, आपदा प्रबंधन, वन्य जीव प्रबंधन , प्रदूष्ण नियंत्रण जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इन सभी विषयों में एनजीओ और यूएनओ के प्रोजेक्ट्स बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं।

**वॉटर साइंस:** यह जल की सतह से जुड़ा विज्ञान है। इसमें हाइड्रोमिटियोरोलॉजी, हाइड्रोजियोलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट, वॉटर क्वॉलिटी मैनेजमेंट, हाइड्रोइंफॉर्मेटिक्स जैसे विषयों की पढ़ाई करनी होती है। हिमस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए इस क्षेत्र में तेजी से मांग बढ़ रही है।

**माइक्रो-बायोलॉजी:** माइक्रो-बायोलॉजी की फील्ड में एंट्री के लिए बीएससी इन लाइफ साइंस या बीएससी इन माइक्रो-बायोलॉजी कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद मास्टर डिग्री और पीएचडी भी का ऑप्शन भी है। इसके अलावा पैरामेडिकल, मरीन बायोलॉजी, बिहेवियरल साइंस, फिशरीज साइंस जैसे कई फील्ड्स हैं, जिनमें साइंस में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स अच्छा करियर बना सकते हैं।

**डेयरी साइंस:** डेयरी प्रोडक्शन के क्षेत्र में भारत अहम देश है। भारत डेयरी प्रोडक्शन में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। डेयरी टेक्नोलॉजी या डेयरी साइंस के तहत मिल्क प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, स्टोरेज और डिस्ट्रिब्यूशन की जानकारी दी जाती है। भारत में दूध की खपत को देखते हुए इस क्षेत्र में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की डिमांड बढने् लगी है। विज्ञान से 12वीं करने के बाद स्टूडेंट ऑल इंडिया बेसिस पर प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद चार वर्षीय स्नातक डेयरी टेक्नोलॉजी के कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। कुछ इंस्टीट्यूट डेयरी टेक्नोलॉजी में दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर करते हैं।

# फ्रीलांस के जरिये कमाई करें



अगर आप नौकरी करने के बाद कुछ काम करके और पैसा कमाना चाहते हैं तो आप फ्रीलांस के क्षेत्र में आ सकते हैं। आप यह काम अपने समय के अनुसार कर सकते हैं और इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी होगी। अपने फील्ड से जुड़े फ्रीलांस काम करें- हर फील्ड से जुड़े फ्रीलांस काम होते हैं, जो कि आपके लिए अच्छी कमाई का जरिया बन सकते हैं। इसलिए आप भी अपने फील्ड के अनुसार दूसरा काम कर सकते हैं और दिन में दो-तीन घंटे काम करके आप अच्छा पैसा कमा सकते हैं.

**लोकल प्रोडक्ट बेचें-** अगर आप अपने होम टाउन से अलग कहीं रहते हैं तो आप उस शहर में अपने होम टाऊन से जुड़े कुछ फेमस प्रोडक्ट लाकर बेच सकते है। आप छोटे स्तर पर उसका कारोबार भी कर सकते हैं. इन प्रोडक्ट में खाने के सामान से लेकर कपड़े आदि भी शामिल है.

**सोशल मीडिया एक्सपर्ट बनें-** आजकल हर कोई सोशल मीडिया पर काम कर लेता है। अगर आप नौकरी के बाद फ्री रहते हैं तो आप किसी कंपनी या व्यक्ति का सोशल मीडिया हैंडल कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ खास करने की आवश्कता नहीं है. बस इसके लिए आपके कॉन्टेक्ट होने आवश्यक है।

**पीजी का काम शुरू करें-** अगर आप नौकरी से वक्त निकाल सकते हैं तो आप अपनी प्रोपर्टी पर या किराए की प्रोपर्टी पर पीजी बना सकते हैं। इसके लिए आपको पीजी में रहने वाले लोगों की व्यवस्था करनी होगी. यह बिजनेस किसी कॉलेज, ऑफिस के पास अच्छा चल सकता है।

**कंपनियों के लिए विज्ञापन-** विज्ञापन एक बहुत बिजनेस बनकर उभरा है. कई कंपनियां ऐसी हैं जो लोगों को सिर्फ विज्ञापन देखने के पैसे देती हैं। आपको बता दें कि इस तरह की कई वेबसाइट्स हैं जो केवल विज्ञापन पढ़ने के पैसे देती हैं।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बनायें कॅरियर

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बनायें कॅरियर

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र (प्रोसेस्ड फूड) तैयार करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां बड़ी तादाद में भारत का रुख कर रही हैं। ऐसे में यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। जिसको देखते हुए इस क्षेत्र में पारंगत लोगों की मांग भी बढ़ रही है। इस क्षेत्र में कभी भी मंदी नहीं हो सकती। यही कारण है कि अब युवाओं की इसमें रुचि इसमें बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र को युवा अब आकर्षक कॅरियर के रूप में देख रहे हैं और इसके लिए जरुरी तकनीकी शिक्षा भी हासिल कर रहे हैं। कारोबार जगत के संगठन (फिक्की) की एक रिपोर्ट के मुताबिक फूड प्रोसेसिंग के कारोबार में भारत में कुशल लोगों की बेहद कमी है। आने वाले समय में फूड टेक्नोलॉजी का भविष्य बहुत ही सुनहरा होने वाला है। अगर आंकड़ों की मानें तो आने वाले कुछ सालों में यह उद्योग इस रफ्तार से बढ़ेगा कि नौकरियों की बहार होगी।



## जरुरी योग्यता

ऐसे में यदि आप इस उभरते क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी अथवा मैथमेटिक्स विषयों के साथ 10+2 में कम से कम 50 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एमएससी कोर्स करने के लिए फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री भी आवश्यक होती है।

## फूड टेक्नोलॉजिस्ट का काम

फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के तहत वे सभी कार्य शामिल हैं, जिनसे प्रोस्सेड फूड जैसे- मक्खन, सॉफ्ट ड्रिंक, जेम व जेली, फ्रूट जूस, बिस्कुट, आइसक्रीम आदि की गुणवत्ता, स्वाद और रंग-रूप बरकरार रह सके। इसके अलावा वह कच्चे और बने हुए माल की गुणवत्ता, स्टोरेज तथा हाइजिन आदि की निगरानी भी करता है। वह कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। कच्चे माल से लेकर प्रोडक्ट तैयार होने तक कंपनी को उसकी हर स्तर पर जरूरत होती है। ग्लोबल स्तर पर कंपनी का भविष्य फूड टेक्नोलॉजिस्ट की योग्यता पर ही निर्भर रहता है।

**मैनुफैक्चर्ड प्रोसेसेज:** इस प्रक्रिया के जरिए कच्चे कृषि उत्पादों और मीट आदि पशु उत्पादों के भौतिक स्वरूप में बदलाव लाया जाता है। इससे यह उत्पाद खाने और बिक्री योग्य बन जाते हैं। वैल्यु एडेड प्रोसेसेज के जरिए कच्चे खाद्य उत्पादों में कई ऐसे बदलाव किए जाते हैं। जिससे वह ज्यादा समय के लिए सुरक्षित रहते हैं और कभी भी खाने लायक बन जाते हैं। उदाहरण के लिए टमाटर से बने सॉस और दूध से तैयार आईसक्रीम जैसे उत्पादों को देखा जा सकता है।

**किस लिए है जरूरत:** फूड टेक्नोलॉजिस्ट की जरूरत आज सभी देशों को है। इसका उदेद्श्य लोगों को ऐसी खाघ सामाग्री पहुंचाना है जो गुणवत्ता और स्वाद के साथ-साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर हो।

## इस क्षेत्र में किये जाने वाले प्रमुख कोर्स

- बीएससी (ऑनर्स) फूड टेक्नोलॉजी
- बीटेक फूड टेक्नोलॉजी
- एमटेक फूड टेक्नोलॉजी
- पीजी डिप्लोमा इन फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- एमबीए(एग्री बिजनेस मैनेजमेंट

## अवसर

इस कोर्स के बाद आपके पास नौकरी के कई सारे विकल्प होते हैं। आप फूड प्रोसेसिंग यूनिटों, रिटेल कंपनियों, होटल, एग्री प्रोडक्टस बनाने वाली कंपनियों से जुड़ सकते हैं। या फिर खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने, उनके निर्माण कार्य की निगरानी करने और खाद्य वस्तुओं को संरक्षित करने की तकनीकों पर काम करने वाली प्रयोगशालाओं से भी जुड़ सकते हैं।

## वेतनमान

इस क्षेत्र में आप शुरुआती स्तर पर आप 8 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकते हैं। सालों के अनुभव के बाद 30 हजार रुपये प्रतिमाह या इससे भी ज्यादा कमाया जा सकता है। यदि आप स्वरोजगार से जुड़ते हैं, तो आपकी कमाई और बढ सकती है। इस क्षेत्र में सैलरी और काम दोनों दिलचस्प होते हैं।

## किस तरह की होती है पढ़ाई

जिस तरह अलग-अलग तरह के खाने को देखकर मन खुशी बढ़ती है। ठीक उसी तरह फूड टेक्नोलॉजी में पढ़ाई जाने वाली पढ़ाई भी बहुत दिलचस्प होती है। फूड टेक्नोलॉजी तथा इससे संबंधित कोर्सेज के अंतर्गत खाद्य पदार्थों के रख-रखाव से लेकर पैकेजिंग, फ्रीजिंग आदि की तकनीकी जानकारियां शामिल होती हैं। इसके अंतर्गत पोषक तत्वों का अध्ययन, फल, मांस, वनस्पति व मछली प्रसंस्करण आदि से संबंधित जानकारियां भी दी जाती है।

## यहां होते हैं कोर्स

- यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली
- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी
- जी. बी. पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रिकल्चर ऐंड टेक्नोलॉजी, पंतनगर, उत्तराखंड
- बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, झांसी
- कानपुर यूनिवर्सिटी, कानपुर, उत्तर प्रदेश
- कोलकाता विश्वविद्यालय, कोलकाता
- गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर, पंजाब।

मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई
नागपुर यूनिवर्सिटी

# भितरवार काली माता मंदिर प्रांगण पर जनसुनवाई मे वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन सिंह राठौर जी ने सुनी किसानों की समस्या

### भितरवार विधानसभा के लोगों ने सुनाई अपनी पीड़ा

### राजस्व बिजली सहित अन्य प्रकरणों के निपटारे का दिया आश्वासन

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी हितग्राहियों को जानकारी

भितरवार। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को लाभ दिलाने एवं आमजन की बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि तमाम-तरह की मूलभूत सुविधाओं में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए शुक्रवार की सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नगर के काली माता मंदिर प्रांगण पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जन सेवक श्री मोहन सिंह राठौर जी के द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें 314 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण भाजपा नेता राठौर जी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण कराया गया। आयोजित जनसुनवाई मैं अधिकतर मामले बिजली संबंधी आए तो वही सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के पात्र होने के बाद भी हितग्राहियों को योजनाओ का लाभ नहीं मिल सका पिछले कई महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे उनकी समस्या को जनसुनवाई में भाजपा नेता श्री राठौर जी ने गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मौके पर ही चर्चा कर निराकरण कराया गया। इस दौरान जनसुनवाई में भितरवार विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ोंजन के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए भाजपा नेता श्री राठौर जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी , मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी और केंद्रीय मंत्री श्री मत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी देश और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबंध होकर कार्य कर रहे हैं। गांव, गरीब, किसान की चिंता करते हुए उनकी उन्नति और विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं जिनका लाभ आमजन को मिलना शुरू हो गया है। लेकिन क्षेत्र के तमाम ऐसे लोग हैं जो शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र हैं लेकिन उन्हें योजनाओं की सही जानकारी नही है। जिसके कारण वह लाभ से वंचित हो जाते हैं। तो कई कार्यालयों में उनकी सुनने वाला कोई नहीं है, ऐसी स्थिति को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं केंद्रीय मंत्री श्री मत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के निर्देश पर जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि महीने के पहले शुक्रवार को घाटीगांव विकासखंड तहसील कार्यालय पर तू



दूसरे शुक्रवार को चीनौर तहसील कार्यालय एवं तीसरे शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र भितरवार के तहसील कार्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन निर्धारित किया गया है। जहां बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा आमजन की पारिवारिक समस्याओं के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की सुनवाई कर उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। जो जटिल समस्या है उनका निराकरण संबंधित विभागों के माध्यम से 1 माह के अंदर पात्रता के आधार पर कराया जा रहा है। आयोजित जनसुनवाई में भितरवार नगरीय क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे उनकी समस्याओं का विधिवत तैनात भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंजीयन किया गया तत्पश्चात प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मोहन सिंह राठौर जी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष श्री नारायण जाटव जी, जनपद उपाध्यक्ष जगमोहन प्रजापति जी, श्री भीकम सिंह जाट जी( ग्वालियर ग्रामीण जिला मंत्री ), श्री उदयभान सिंह रावत जी, जनपद सदस्य श्री पपेंद्र सिंह रावत जी, श्री दीपक शाक्य जी, श्री रिंकू रावत जी, श्री नरेंद्र जाटव जी, श्री हाकिम सिंह रावत जी, श्री कमल सिंह कुशवाहा जी, श्री मुन्ना कुशवाह सरपंच कुबेर सिंह जाटव जी, कल्ली शाक्यजी, श्री गजेंद्र साहू जी ,श्री अरुण यादव जी एवं समस्त कार्यकर्ता एवं जनसेवक साथी सम्मिलित रहे!

# भारतीय जनता युवा मोर्चा भिण्ड ने रक्त देकर मनाया प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन : भदौरिया

भिण्ड / आपको बता दे कि भिण्ड युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार जी के निर्देश अनुसार एवं जिला अध्यक्ष एडवोकेटेड विक्रांत सिंह कुशवाह जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे हरा भरा मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत भिण्ड जिले के सभी मण्डलों मे एक के बाद एक बड़े ही जोर शोर से लगातार प्रोग्राम किए जा रहे हैं इसी तरह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रांत सिंह कुशवाह जी एवमउनके द्वारा जिले पदाधिकारियो को मण्डल प्रभारी नियुक्त किए गए वे सभी मंडल प्रभारी अपने अपने मण्डलों मे जाकर वृक्षारोपण एवं अन्य कार्य को यशस्वी प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन को मनाया गया इसी तरह भिण्ड जिला चिकित्सालय में जिला




अध्यक्ष एवं उनकी टीम द्वारा रक्तदान कर वृक्षारोपण किया गया एवं साथ ही रक्तदान कर्मियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इसी तरह भिंड जिले के मानपुर मंडल में मालपुर के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा जी की टीम के द्वारा रक्तदान एवं सघन वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम मालनपुर मण्डल मे आयोजित किया गया जिसमे भारतीय जनता पार्टी मालनपुर मंडल के एक सेकड़ा से भी ज्यादा कार्यकर्ता एवम समाज सेवी तथा सभी युवा साथियो ने सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जिसमें मंदिर परिसर में पौधारोपण का कार्य किया गया उसके बाद मालपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर रक्त शिविर आयोजन पर रक्तदान किया साथ ही रक्त दान का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जिसमें उपस्थित मुख्य रूप से मण्डल प्रभारी एवम मुख्य अतिथि के रुप में श्री संतोष सिंह भदौरिया जी जिला मीडीया प्रभारी , श्री देविन्द्र गोड जी मंडल अध्यक्ष मालनपुर ओर श्री मुकेश जाटव जी नगर परिषद् अध्यक्ष मालनपुर , शुभम शर्मा जी( स्छरू), अभिषेक गोतम जी तेहसीलदार , मनोज शर्मा जी( ष्टस्ब्ह)मालनपुर ,पार्षद अमित जैन जी , पार्षद उदय सिंह कुशवाहा जी उपस्थित रहे ।

# सतत् परिश्रम और धैर्य ही सफलता की कुंजी... संदीप पटसारिया

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह... निरंतर प्रयास करते रहना और धैर्य को बनाए रखना ही प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की मूल कुंजी है । यह बात अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में ÷कैरियर बिल्डिंग गाइडेंस कार्यक्रम÷ में बोलते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम, मुरैना के विकास अधिकारी श्री संदीप शर्मा छात्रों को बताई श्री शर्मा ने कहा कि अक्सर छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते करते उस समय अपना धैर्य खो बैठते हैं, जबकि वह सफलता के बिल्कुल नजदीक होते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता एक लंबी तैयारी का परिणाम होता है, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा को कम समय में तैयारी करके सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती । अतः यह आवश्यक है की छात्र नियमित रूप से निरंतर अध्ययन करें और अपने धैर्य को बनाए रखें, कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ तत्पश्चात मुख्य वक्ता श्री संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्री विश्वास मेडेकर द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भागीदारी की कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ कमल भारद्वाज ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर महविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा विद्यार्थियों अपने घर पर रोपने हेतु 25 फलदार वृक्षों का वितरण भी किया गया।



# पलेरा में हरितला मन्दिर पर आगामी त्योहारों को लेकर बजरंग दल की बैठक संपन्न

संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार



पलेरा। पलेरा में हरतला मंदिर पर आगामी त्योहारों को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई बैठक आज नगर पलेरा के हरतला मंदिर पर दिन रविवार को आगामी त्यौहारों को लेकर बजरंग दल के दायित्व वान कार्यकर्ताओं के द्वारा समीक्षा बैठक की गई जिसमें बजरंग दल के जिला मंत्री के द्वारा दिशा निर्देश दिया गया की आगामी त्यौहारों को व्यवस्थित तरीके से सजाया जाए और कहीं अव्यवस्थाओं का नजारा देखने को मिलता है तो तुरंत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचित करें ताकि ऐसे अधर्मी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और हिंदू भाइयों को मार्गदर्शन दिया गया है कि अपनी समाज में भाईचारा बनाए रखें और छुआछूत को आगे प्रोत्साहन ना दिया जाए जैसे निम्न त्यौहार पितृ मोक्ष ,नवरात्रि, दशहरा, दीपावली आदि त्योहारों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया और बजरंग दल की कार्यकर्ता निम्नानुसार जिला मंत्री बंसी नामदेव प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय प्रखंड अध्यक्ष मयंक गुप्ता प्रखंड मंत्री राजेंद्र सिंह भारती और उपस्थित ग्रामों के बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा समीक्षा बैठक की गई एवं नए रास्तों की घोषणा भी हुई जिसमें दीपक कुशवाहा प्रखंड सह संयोजक गोकुल कुशवाहा प्रखंड सह अध्यक्ष एवं श्रीकांत गोस्वामी प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख की घोषणा हुई

# वरिष्ठता एवं पदोन्नति को लेकर गुरूजी संयुक्त मोर्चा लांजी ने मुख्यमंत्री चौहान को लिखा स्मरण पत्र

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

बालाघाट। मध्यप्रदेश के शासकीय स्कूलों में पदस्थ गुरूजी को मुख्यमंत्री के द्वारा गुरूजी संवर्ग के शिक्षकों को नियुक्ति 21 जनवरी 2018 को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित अध्यापक सम्मलेन में शिक्षा विभाग के साथ ही गुरुजी संवर्ग के शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाने की घोषणा की थी। किंतु चार साल गुजर जाने के बाद भी आज दिनांक तक गुरूजीयों को वरिष्ठता के आदेश नहीं हुए है। और इसी घोषणा को पुरी कराने के लिए ध्यानाकर्षण हेतु लांजी एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम भुपेंद्र अहिरवार राजस्व निरीक्षक लांजी को ज्ञापन सौंपा गया। गुरूजी एवं आदर्श शिक्षक गुरूजी संयुक्त मोर्चा संघ लांजी ने ज्ञापन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि गुरूजी संवर्ग के शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के आदेश करा कर अपनी घोषणा पूरी करने की कृपा करें। वरिष्ठता के आभाव में गुरुजियों को दो क्रमोन्नति की पात्रता होने के बावजूद अभी तक म.प्र . शासन ने एक भी क्रमोन्नति नहीं दी है , जो कि कर्मचारीयों के हितों का हनन है। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठता की अनुशंसा श्री डी . पी दुबे कमेटी ( शिक्षाकर्मी , गुरूजी एवं संविदा शिक्षको को अध्यापक संवर्ग में संविलियन की प्रक्रिया व वेतन निर्धारण के लिए गठित समिति ) ने भी की है। ज्ञापन में आगे लिखा है कि पात्रता परीक्षा अनुत्तीर्ण पर अर्ह योग्यता पूर्ण गुरुजियों का म.प्र. शासन ने वर्ष 2014 में संविदा संदर्भ में संविलियन कर दिया है , उन्ही में से 2014 तक योग्यता ( 12ह्वद्ध / डी . एड / डी.एल.एड ) पूर्ण न होने के कारण म . प्र . के अलग अलग जिलों में लगभग 500 गुरुजी शेष हैं और वर्तमान में उन्होंने योग्यता ( 12ह्वद्ध / डी . एड / डी . एल.एड ) पूर्णकर ली है, पर 3600 और 5000 रुपये के अति न्यूज़ वेतन पर कार्य कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक व मानसिक स्थिति असंतुलित हैं , को क्रमश = संविदा वर्ग -3 , सहायक अध्यापक , प्राथमिक शिक्षक बनाये जाने हेतु आदेश कराये जाने की कृपा करें। वहीं 30 सितम्बर 2022 तक गुरुजियों की उक्त मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो आगामी दिनों में गुरूजी संयुक्त मोर्चा भोपाल में आन्दोलन कर अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए बाध्य होगा , जिसकी सम्पूर्ण जबाव देही मप्र शासन की होगी।



# भगवान शिव कथा से बढ़कर कोई दिव्य ज्ञान रसायन नहीं, जो मानव के जीवन को मुक्ति व सद्गति प्रदान कर सकें - साध्वी गरिमा भारती

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा चौपासनी गार्डन, डालीबाई चौराहा, झंवर रोड, जोधपुर, राजस्थान में श्री शिव कथा का भव्य आयोजन 17 से 23 सितंबर तक किया जाएगा। जिसमें गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री गरिमा भारती जी कथा का वाचन कर रही है। कथा के प्रथम दिवस साध्वी जी ने बताया कि भगवान शिव सृष्टि के कण-कण में स्पंदनशील है। भगवान शिव की वैश्विक उपस्थिति भारत के कोने कोने में पाए जाने वाले ज्योतिर्लिंगों से स्पष्ट होती है। भगवान शिव के प्रत्येक नाम, उनकी वेशभूषा, उनका आचरण हमें इस समाज के किसी ना किसी पक्ष से संबंधित ज्ञान प्रदान करता है। भगवान शिव के समुद्र मंथन के समय घोर हलाहल विष का पान करने की लीला एक संदेश देती है कि हमें हमारे अंतःकरण में ज्ञान के मंथनी के माध्यम से मंथन कर विषय विकारों को बाहर निकालकर घट में परमात्मा के अमृत को प्राप्त करना है। आज प्रत्येक मानव अपने भीतर के विषय विकारों की अग्नि में ही जलकर अशांत है।

उस शांति की प्राप्ति हेतु प्रत्येक मानव को घट में अमृत को प्राप्त करना होगा। हमारे शास्त्र ग्रंथों के अनुसार मानव का जो शरीर है वह पांच तत्वों से निर्मित है और उसके मस्तक रूपी भाग जो है वह आकाश तत्व से बना है। जिस आकाश को गगन मंडल भी कहा जाता है। जिस गगन मंडल में अमृत का कुंड है जहां ब्रह्म का वास है। जिस प्रकार से हम भगवान शिव के मस्तक पर गंगा को सुशोभित देखते हैं। गंगा जी के जल को अमृत कह कर के संबोधित किया जाता है यह हमारे मस्तक रुपी गगन मंडल में जो अमृत का कुंड है उसे प्राप्त करने का संदेश देती है यदि हम उस अमृत के धार को प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें एक गुरु की कृपा से अंतर में जगत में उतरकर उस अमृत पान की युक्ति को जानना होगा।

साध्वी जी ने कहा कि पावन कथा से बढ़कर कोई दूसरा दिव्य ज्ञान रसायन नहीं, जो मानव के जीवन को मुक्ति व सद्गति प्रदान कर सकें। इस कथा को सुनकर माता पार्वती भगवान शिव से अमरता का वरदान प्राप्त करती है। भगवान शिव के गले में पहने हुए नर मुंड माला प्रत्येक जीव के आवागमन के चक्र को दर्शाती है। जिस प्रकार माता पार्वती भगवान शिव से ज्ञान प्राप्त कर अमरता को प्राप्त हो गई, शिव भगवान के गले में पहने नर मुंडो की संख्या 108 पर आ कर रुक गई थी। ऐसे ही हमें भी उस ईश्वर के तत्व स्वरूप से जुड़कर आवागमन के चक्र से मुक्ति को प्राप्त करना है। शिव का प्रतिमा स्वरूप उनके साकार स्वरूप को दर्शाता है तो उनका ज्योतिर्लिंग स्वरूप निराकार स्वरूप की ओर इशारा है। एक तत्व से ना जुड़े होने के कारण आज हमारे दृष्टि में भेद है। कोई भगवान श्रीराम को मानता है, तो कोई प्रभु श्री कृष्ण को, कोई शिव भगवान की पूजा करता है, तो कोई आदि शक्ति मां जगदंबिका की। लेकिन वास्तव में ज्ञान नेत्र के अभाव के कारण हम इन सब समस्त शक्तियों को अलग अलग मानकर उनकी पूजा करते हैं। यह तत्व स्वरूप से एक ही है। सर्व श्री आशुतोष महाराज जी आज वह दिव्य दृष्टि प्रदान कर उस एक शक्ति के साथ जोड़ रहे हैं। जिसके साथ जोड़कर मानव की भेद बुद्धि का नाश हो जाता है। निराकार साकार स्वरूप के पीछे छिपे तत्व स्वरूप को जानकर मानव की भक्ति सार्थक हो पाती है।




# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ अखिलेश खंडेलवाल ने किया बालाघाट का दौरा

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे



बालाघाट। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ अखिलेश खंडेलवाल, बालाघाट प्रवास पर रहें, जहां उन्होने नगर सहित अन्य कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। 16 सितंबर को प्रथम लालबर्रा आगमन पर स्वागत किया गया। खमरिया एवं लालबर्रा मंडल भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक,उपरांत बालाघाट में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजय सुखदेवे की अगवानी में सर्किट हाउस आगमन पश्चात बालाघाट भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सुहागपुरे द्वारा साथियों के साथ शाल श्रीफल देकर स्वागत भेंट की गई, नर्सिंग छात्र संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत एवं भेंट एवं रात्रि विश्राम,

17 सितंबर को बालाघाट सर्किट हाउस में बालाघाट भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र ठाकरेले एवं उनके साथियों द्वारा स्वागत सम्मान कर भेंट की गई, काली पुतली चौक स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज के दर्शन उपरांत नगर के वार्ड नंबर 1 झुग्गी बस्ती में प्रवास रहवासियों से आम चर्चा कर विश्वकर्मा पूजा दिवस के शुभ अवसर पर मायल नगरी भरवेली में विश्वकर्मा मंदिर में पूजा अर्चना की,वहीं भरवेली हीरापुर में श्रीमती अंजलि लिल्हारे के निवास पर भरवेली मंडल भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक कर युवा मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे वृक्ष पौधारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौधा लगाया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान कार्यक्रम में सम्मिलित हुये।

# समझौता समाधान व न्याय आपके द्वार अंतर्गत पीएलव्ही जायेगे गाँव-गाँव

अनिल कुशवाह प्रभारी



पुष्पांजलि टुडे शिवपुरी- शीघ्र और त्वरित न्याय की संकल्पना को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी ग्राम-ग्राम जाकर व पीड़ित पक्षकार से संपर्क कर राजीनामा योग्य मामलों का त्वरित समाधान करायेगा।

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर के निर्देशानुसार समझौता समाधान न्याय आपके द्वारा अभियान अंतर्गत उठाये जाने वाले कदम के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री दीपक गुप्ता ने जिला मुख्यालय के समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ मीटिंग की। तहसील विधिक सेवा समिति करैरा, पिछोर, पोहरी, कोलारस, खनियाधाना पर नियुक्त समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स से व्ही.सी. के माध्यम से समझौता समाधान योजना अंतर्गत पैरालीगल वालेंटियर्स की भूमिका के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर जिला मुख्यालय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अर्चना सिंह, जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर से अध्यक्ष श्री आरएम भगवती, तहसील विधिक सेवा समिति करैरा से अध्यक्ष श्री डी.एल.सोनिया, तहसील विधिक सेवा समिति पोहरी से अध्यक्ष श्रीमती रेखा तिवारी, तहसील विधिक सेवा समिति कोलारस से अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह कुशवाह, तहसील विधिक सेवा समिति खनियाधाना से अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चढार एवं पैरालीगल वालेंटियर्स श्री अमन बेडिया, श्री अमित दांगी, कु.स्वाती राठौर, श्री मिथुन विनाय, श्री कपिल धाकड, श्री धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, श्री गोपाल राठौर, श्री मोहसिन कुरैसी, श्री ललित शर्मा, नंदनी तोमर, श्री नीरू रावत, अभिषेक माझी, श्री कृष्णकांत नामदेव, नंदकिशोर सेन, तहसील विधिक सेवा समिति पोहरी से श्री प्रहलाद धाकड, तहसील विधिक सेवा समिति खनियाधाना से श्री रोहित पाठक, तहसील विधिक सेवा समिति करैरा से श्री अनिल राय, श्री नवल लोधी, सिमरन गुप्ता, नम्रता गुप्ता, तहसील विधिक सेवा समिति पिछोर से पैरालीगल वालेंटियर्स श्री अखिलेश राजपूत, श्री उमाशंकर लोधी, श्री देवेन्द्र लोधी, राजकुमार तिवारी, तहसील विधिक सेवा समिति कोलारस से पीएलव्ही श्री प्रवीण कुमार जाटव, श्री रामसिंह धाकड उपस्थित रहे।

## चंबल पुल पर आज से पूरी तरह आवागमन प्रतिबंध



### छोटे वाहनों को भी इटावा पहुंचने के लिए करनी होगी लम्बी दूरी तय

भिण्ड, ब्यूरो। नेशनल हाइवे 719 भिंड-इटावा को जोड़ने वाले चंबल पुल पर रविवार सुबह से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया क्योंकि पुल की रेलिंग और बैयरिंग, ज्वाइंट की मरम्मत होने के बाद अब आखिरी फेस में डैक स्लैब कंक्रीट बिछाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वाहनों को रोकने के लिए पुल के दोनों तरफ बैरिकेड्स लगाए गए। भिंड-इटावा को जोड़ने वाला चंबल पुल आज से 16 दिन के लिए पूरी तरह से बंद हो गया है। क्योंकि रेलिंग और बैयरिंग, ज्वाइंट की मरम्मत होने के बाद अब आखिरी फेस में डैक स्लैब कंक्रीट बिछाई जानी है। नेशनल हाइवे-719 पर भिंड-यूपी के इटावा जिले को जोड़ने वाले चंबल पुल पर मरम्मत का कार्य आखिरी चरण में आ गया है। ठेकेदार ने बताया गया कि पुल की डैक स्लैब पर वीयरिंग कोट (कांक्रीट) का कार्य कराया जाना है, जिसके लिए 18 सितंबर से 3 अक्टूबर तक पुल से होकर सभी छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बंद किया गया। बता दें कि चंबल पुल जून महीने में एक बार फिर खराब हो गया था। इटावा लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय मार्ग खंड ने पुल की मरम्मत के लिए इस पर भारी वाहनों के आवागमन रोकने का प्रस्ताव इटावा प्रशासन को भेजा था, जिस पर 27 जून की रात से यह पुल भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। हालांकि छोटे और हल्के वाहनों को छूट रहने की वजह से लोगों का संपर्क इटावा जुड़ा रहा। लेकिन अब इस पुल पर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई है।

**पहली बार वर्ष 2002 में टूटी थी बैयरिंग**

वर्ष 2002 में चंबल पुल की बेयरिंग टूटने की वजह से करीब एक महीने के लिए आवागमन बंद रहा था। इसके बाद वर्ष 2008 में पुल की एक स्लैब में दरार आ गई। ऐसे में इसकी मरम्मत के लिए एक बार फिर ट्रैफिक रोका गया। वर्ष 2012 में फिर से एक स्लैब धंसकने की वजह से एक महीने से ज्यादा समय तक इस पुल पर ट्रैफिक बंद रहा था। साल 2013 में पुल के छठवें पिलर और 2016 में स्लैब टूटने व बेयरिंग खराब होने की वजह से मरम्मत कार्य हुआ था।

## पुलिस की मिली बड़ी सफलता, 3 लाख रूपये कीमती 3 मोटर साईकिल बरामद

राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे




पिछोर। आरोपी प्राण सिंह सिंह यादव पुत्र मोहकम सिंह उम्र21 निवासी भगवंतपुरा थाना पिछोर व कल्ला उर्फ प्रेम कुमार जमुनादास कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी प्रतापपुरा थाना खनियाधाना गिरफ्तार किए ।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश कुमार चंदेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री दीपक तोमर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे वाहन चैकिंग अभियान के दौरान दिनांक 18.09.22 को थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में हिम्मतपुर चौकी में चैकिंग की जा रही थी तभी दौराने वाहन चैकिंग एक लाल रंग की हीरो एच.एफ. डीलक्स मोटर साईकिल बिना नंबर की मोटर साईकिल चालक व उसके साथी को रोककर पूछताछ की गई जिन्होंने अपना नाम प्राण सिंह सिंह यादव पुत्र मोहकम सिंह उम्र 21 निवासी भगवंतपुरा थाना पिछोर व कल्ला उर्फ प्रेम कुमार जमुनादास कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी प्रतापपुरा थाना खनियाधाना बताया जिसके कब्जे से मोटरसाइकिल हीरो सीडी डॉन रंग लाल जप्त की गई उक्त मोटरसाइकिल 12 दिन पहले संकट मोचन कॉलोनी पिछोर से चोरी करना बताया इसके बाद दोनों बदमाशों से पूछताछ की तो काला रंग की पल्सर मोटरसाइकिल व एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स ग्राम भगवंतपुरा आरोपी प्राण सिंह लोधी के घर से बरामद की गई । बरामद मोटरसाइकिल का विवरण -1-हीरो सीडी डॉन रंग लाल नंबर MPx3 MF 1290 मोटर साइकिल मालिक भागीरथ केवट निवासी गूडर ,2- पल्सर मोटर साइकिल रंग काला नंबर MP32 MG 8936 मोटरसाइकिल मालिक कृष्ण कांत द्विवेदी निवासी उदगंवा दतिया ,3 एक मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स रंग काला चेसिस । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गब्बर सिहं गुर्जर , उ.नि. नितिन भार्गव , चेतन शर्मा, बी.एल. दोहरे, स.उ.नि. शैलेंद्र सिंह चौहान ,अमरलाल बंजारा, जहान सिंह, आर.पी. शाक्य, प्र.आर. हीरा सिंह पाल, राघवेन्द्र चौहान, घनश्याम सिंह, हिमांशु चतुर्वेदी अरविंद यादव ,आर.गोरे सिंह जादौन , रूपेन्द्र यादव, बृजेश राणा, रवि कौरव, मांगीलाल, बचान तोमर, जीतेन्द्र गुर्जर, रामनाथ रावत, माधव शंकर, प्रदीप कौरव, राघवेंद्र पाल व सैनिक राहुल की सराहनीय भूमिका रही ।

### स्वयंसेवकों ने ग्राम बड़ेरा में किया शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का सर्वे




रिपोर्टर- महेंद्र सिंह रजक पिछोर। मध्यप्रदेश शासन की समझौते से समाधान योजना के अंतर्गत शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर के गोद ग्राम के नोडल अधिकारी डॉ एसएस गौतम के निर्देशन में डॉ केशव सिंह जाटव एवं डॉ अरविंद सिंह यादव एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नरसिंह भिड़े ने दिनांक 17 सितंबर 2022 को गाव में एनएसएस के स्वयं सेवकों के दल को ले जाकर समझौते से समाधान योजनान्तर्गत गोद लिए गए ग्राम बड़ेरा में शिक्षा स्वास्थ्य एवं शासकीय योजनाओं संबंधी सर्वे कार्य किया।कितने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है कितने लाभ लेने से वंचित हैं इन सभी पर गांव वालों से चर्चा और विमर्श कर आगामी कार्य योजना बनाई। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली भी निकाली जिसमें विशेष रुप से दीपक पाल , करता लोधी , हितेश पाल,शिवम कोली,अमित अहिरवार,,आशीष जाटव, संजय पाल का योगदान रहा।

## विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी की निकाली शोभायात्रा एवं सभा किया गया कार्यक्रम



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे मौ- भिंड।** मैं प्रतिबर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा 17 सितंबर को सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन दिवस के शुभअवसर पर भगवान विश्वकर्मा जी की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई साथ ही प्रसादी वितरण का आयोजन समाज के सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति मैं किया गया जिसमें संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बेताल विश्वकर्मा जी द्वारा बताया गया कि हम समस्त विश्वकर्मा समाज को इसी प्रकार एकजुट होकर समाज के प्रति सच्ची श्रद्धा भाव से काम करना चाहिए और आगे भी इसी तरह हम सभी लोगों को संकल्पित होकर समाज के उत्थान के लिए एवं सामाजिक राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए अग्रसर होकर हम युवापीढ़ी को समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रवि कुशवाहा जी विशिष्ट अतिथि मौ नगर परिषद अध्यक्ष बंदना सज्जन सिंह यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष नीरू पंकज कुशवाहा भाजपा मंडल अध्यक्ष मौ गोपाल कुशवाहा अध्यक्षता श्री राम गोपाल झा ने की मंच संचालन भिंड ग्रामीण अध्यक्ष राहुल विश्वकर्मा जी ने किया उपाध्यक्ष रामवीर विश्वकर्मा जिला संगठन मंत्री पवन विश्वकर्मा श्री सरमन लाल विश्कर्मा श्री राजाराम विश्वकर्मा जी विश्वकर्मा श्री कृष्ण विश्वकर्मा श्री द्वारका प्रसाद विश्वकर्मा श्री धादू विश्वकर्मा श्री रामसेवक विश्वकर्मा श्री बलिराम विश्वकर्मा श्री रमेश विश्वकर्मा श्री काशीराम विश्वकर्मा रघुवीर विश्वकर्मा नंदराम विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा जी श्री रामजी लाल विश्वकर्मा श्री बुद्धे विश्वकर्मा गंभीर विश्वकर्मा श्री राजेंद्र विश्वकर्मा श्री संजीव विश्वकर्मा मौ नगर अध्यक्ष डॉ गोविंद विश्वकर्मा नगर प्रभारी हेमंत विश्वकर्मा उपाध्यक्ष कपिल झा उपाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा रामू विश्वकर्मा श्री भगवान संगठन मंत्री सौरभ विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा सचिव दिलीप विश्वकर्मा प्रचार मंत्री उग्रसेन विश्वकर्मा कुंवर राज विश्वकर्मा विजेंद्र विश्वकर्मा राजू विश्वकर्मा जीतू विश्वकर्मा शिशुपाल विश्वकर्मा अजय विश्वकर्मा सुनील विश्वकर्मा पवन विश्वकर्मा मोनू विश्वकर्मा रविंद्र विश्वकर्मा मुरारी विश्वकर्मा सुनील विश्वकर्माजी आदि सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भूपेश बघेल को उनके कांग्रेस मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए हमारी शुभकामनाएं-भाजपा

### प्रदेश कांग्रेस का प्रस्ताव चाटुकारिता की पराकाष्ठा-संदीप शर्मा

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पुनः अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित करने पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि देश के राजनीतिक मानचित्र पर कांग्रेस पार्टी को सिमटाकर 2 राज्यों तक कर देने वाले, कांग्रेस पार्टी के अनिच्छुक और भ्रमित शहजादे को पुनः कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनाने का छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रस्ताव दो बातें सिद्ध करता है- पहला यह कि कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी से योग्य कोई नेता नहीं है। दूसरा यह कि कांग्रेस पार्टी में आपका राजनीतिक करियर तभी तक सुरक्षित है, जब आप गांधी परिवार की चाटुकारिता करते हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस अपना ऐसा राष्ट्रीय अध्यक्ष चाहती है, जो भारत को कांग्रेस मुक्त कर दे। देश भर में कांग्रेस को समाप्त कर दे। छत्तीसगढ़ कांग्रेस राहुल को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवाकर गांधी जी का सपना साकार करना चाहती है। हम इसका स्वागत करते हैं। हमें भरोसा है कि भूपेश बघेल इस जरूरत को जरूर पूरा करवाएंगे। साबित हो गया है कि प्रदेश कांग्रेस की बैठक राज्य संगठन चुनाव के लिए नहीं बल्कि राहुल गांधी की चरणवंदना के लिए बुलाई गई थी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह एक परिवार की दासता करती रही है। जिस भी खुद्दार कांग्रेसी ने इस परिवार के खिलाफ मुंह खोला, उसका क्या हश्र हुआ, यह सारी दुनिया जानती है। सारा देश जानता है। भूपेश बघेल को उनके कांग्रेस मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए हमारी शुभकामनाएं हैं।

### बस्तियों की टोली गठन कर हितग्राही से करेगें संपर्क : डॉ खंडेलवाल प्रदेश संयोजक

प्रेस वार्ता के दौरान डॉ अखिलेश खंडेलवाल ने कहा की भाजपा झुग्गी झोपड़ी के संगठनात्म दौरे चल रहें है, प्रत्येक जिले में गठन की स्थिती और गठन को लेकर बालाघाट में प्रवास पर पहुंचे है। सुबह से ही कई स्थानों पर भ्रमण किया और मंडलों की बैठक में भी हिस्सा लिया गया। उन्होने कहा की आने वाले दिनों में भाजपा के सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम में झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में रहने वाले नागरीकों के बिच में हमारे कार्यकर्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर उनकी समस्याओं को जान कर उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास करेंगें। उन्होने कहा की बालाघाट नगर के वार्ड क्र 1 एवं भरवेली हीरापुर का भ्रमण किया गया जहां पर सड़क, पानी और मकान जैसी सुविधा से वंचित लोगों से चर्चा की उन्हे हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। बालाघाट भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय सुखदेवे ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सपने को साकार करेगे, इसी उद्देश्य से मप्र मे जिला बैठक के माध्यम से बस्तियों की टोली गठन कर हितग्राही संपर्क कर संवाद स्थापित कर समाज जोड़कर संगठन विस्तार कर लोगों को भाजपा से जोडने् का प्रयास है। संपर्क,संवाद कर सरकार की योजनानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभ पंहुचाकर उनका जीवन स्तर उन्नत करने का कार्य प्रकोष्ठ के द्वारा किया जायेगा। जिले में गठन हो गया है जल्द ही मण्डल में भी गठन किया जायेगा और गांव-गांव में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हम कार्यकर्ताओं के साथ आगे आयेगें।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यालय में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की जिला बैठक संपन्न

ग्वालियर। सर्वप्रथम डॉ खण्डेलवाल व अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का अजय सुखदेवे ने तिलक वन्दन, शाल,श्री फल व माला से स्वागत कर बैठक की सुरूआत करवाई जिसमे बालाघाट भाजपा उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, दिलीप चौरसिया, भाजपा बालाघाट जिला महामंत्री श्रीमती मौसम हरिनखेरे, बालाघाट भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सुहागपुरे, अजय सोनी, सांसद प्रतिनिधि अरुण राहंगडाले, गुलशन भाटिया,राम मिश्रा और झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गुरुदत्त तुर्कर,लखन बागड़े, अन्नपूर्णा तिवारी,चंद्रकांत जयसवाल,रविंद्र सोनवाने,अजय आशोले,श्रीमती रेखा बनोदिया,श्रीमती ललिता कोहाट,पंकज बांगरे, दीपक शिरसागर प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आश्रम निर्माण के लिए दिया सहयोग



पुष्पाजंली टुडे चैन्नई। राजूराम दिलीपकुमार हाम्बड माम्बलम ने अपने परिवार कि तरफ सु पेरीयपालीयम श्री लिलडीया भेरुजी आईमाताजी सोऽहम आश्रम के निर्माण कार्य के लिए इक्किस हजार कि सहयोग राशि आश्रम के संचालक स्वामी तेजानन्द को सुपुर्द किया। इस कार्यक्रम पुत्र गोतम राकेश संजय हाम्बङ मौजुद थे ।इस महान सहयोग के लिए भामाशाह राजूराम दिलीपकुमार हाम्बड वह उनके पुरे परिवार का आभार वह हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभमगंल कामनाएं दी गई। आपका सर्वे समाज सेवादार स्वामी तेजानन्द संचालक श्री लिलडीया भेरुजी आईमाताजी सोऽहम आश्रम एम के बी नगर पेरीयपालीयम उत्तकोटे तालुक जिला तिरुवलुर तमिलनाडु।

### शिवपुरी पुलिस ने की स्मैक के खिलाफ कार्यवाही 10 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे। पुलिस थाना करैरा पर सूचना मिली की बगीचा हनुमान मंदिर के पास दो लोग एक मोटर सायकल पर स्मैक बेचने की फिराक मे खड़े हैं । थाना पर उपस्थित उनि. बीआर पुरोहित द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये सूचना से बरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त किया । पुलिस द्वारा एक टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रवाना किया, पुलिस द्वारा बगीचा बाले हनुमान मंदिर पहुंच कर देखा तो दो लोग मुखबिर के बताये हुलिये के मोटर सायकल पर बैठे दिखे जो पुलिस को अपनी ओर आता देख भागने की कोशिश करने लगे जिन्हें हमराह फोर्स की मदद से पकड़कर तलाशी ली तो एक आरोपी की जेव से इलेक्ट्रोनिक कांटा एवं दूसरे की जेब से 10 ग्राम स्मैक जप्त की गई । आरोपियों से उनके नाम पते पूछने पर पता चला की दोनों ही भिण्ड जिले के रहने बाले है एवं मोटर सायकल पर स्मैक बेचने के लिये करैरा आये थे । आरोपियों का कृत्य एनडीपीएस एक्ट का होने से थाना करैरा पर कायमी कर आरोपियों से 10 ग्राम स्मैक, एक मोटर सायकल एवं एक इलैक्ट्रोनिक तोल कांटा जप्त किया गया ।

### बीजेपी जिला उपाध्यक्ष पर FIR के निर्देश फर्जी शपथ पत्र देकर गृह निर्माण समिति में खरीदा था प्लांट , पत्नी पर भी दर्ज होगा मामला

पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट टीकमगढ़ संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार। फर्जी शपथ पत्र देकर सहकारी संस्था में प्लाट लेने के मामले में सीजेएम कोर्ट ने 17 सितंबर को भाजपा नेता और उनकी पत्नी रिंकी भदौरा पर स्नढ्ढक्र दर्ज की जाएगी। मामले की शिकायत सरकारी कर्मचारी गृह निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष गोकुल प्रसाद यादव ने न्यायालय में दर्ज कराई थी। इसके पहले उन्होंने कोतवाली और एसपी दफ्तर में भी शिकायत की थी, लेकिन राजनीतिक रसूख के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब न्यायालय ने इस मामले में भाजपा नेता और उनकी पत्नी पर स्नढ्ढक्रदर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं।

**क्या है मामला :** दरअसल , शहर के मऊ चुंगी रोड पर सरकारी कर्मचारी गृह निर्माण समिति का गठन उप पंजीयक कार्यालय सहकारी संस्थाएं में साल 30 मार्च 1981 को कराया था। संस्था ने 8.3 एकड़ भूमि खरीदी। संस्था के संविधान के तहत सस्ते दामों पर भूखंड आवंटित किए गए। 10 फरवरी 2018 को रिंकी की पत्नी रितेश भदौरा ने सदस्य बनने के लिए संस्था में शपथ पत्र पेश किया। जिसमें उन्होंने स्वयं , पति और बच्चों के नाम किसी भी अन्य संस्था में शामिल नहीं होने और शहर में कहीं भी प्लॉट या मकान नहीं होने की बात कही। इस शपथ पत्र के आधार पर संस्था ने उन्हें सदस्यता देकर भूखंड आवंटित किया था।

**जमीन में हिस्सेदार निकले भाजपा नेता :** गोकुल प्रसाद यादव ने बताया कि रिंकी और रितेश भदौरा की जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 1572 / 2 रकबा 0.239 आरे का प्लांट राजीव जैन के साथ 2012 हिस्सेदारी में लिया है। साल 2015 में भी उन्होंने अनंतपुरा में आवासीय प्लांट खरीदा था। इसके अलावा शहर के बोरी दरवाजा में बहुमंजिला पुश्तैनी मकान भी है। जिसमें रीतेश भदौरा की हिस्सेदारी है।

**धारा 420 के तहत मामला दर्ज करने के निर्देश**

इस मामले में गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष ने न्यायालय में परिवाद दायर किया। केस की सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने कूटरचित दस्तावेज के आधार पर भूखंड आवंटित कराने के मामले में रितेश और उनकी पत्नी को दोषी पाया है। न्यायालय ने दोनों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत FIR दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं।

### गौरव शर्मा बने जिला कार्यालय मंत्री



ग्वालियर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संघठन महामंत्री हितानंद शर्मा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष वैभव पवार जी, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखिजानी जी की सहमती से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने अपनी कार्यकारणी की घोषणा करते हुए गौरव शर्मा को जिला कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। गौरव शर्मा ने युवा मोर्चा में दायित्व मिलने पर वरिष्ठ नेतुत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेतुत्व ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसका ईमानदारी से निर्वाहन करूंगा।

# नर सेवा ही नारायण सेवा है: सांसद शेजवलकर



## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, सैकडों मरीजों ने लिया लाभ

ग्वालियर। नर सेवा ही नारायण सेवा है और सेवा कार्यों के माध्यम से हमको जनता के बीच में जाने के लिए पार्टी ने यह 15 दिवसीय कार्यक्रम दिया है। इसके माध्यम से हम जनता के बीच में जाकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्य करें, जिन भाई-बहनों को बीमारी है उनकी जांच कराकर, अगर इलाज की आवश्यकता हो और वह गरीब हो तो उसको प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के माध्यम से उसका इलाज कराएं। उक्त उद्गार सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

श्री शेजवलकर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हो या प्रदेश की शिवराज सरकार की आयुष्मान योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में गरीब और निर्धन वर्ग के लिए वरदान साबित हुई है, उसका लाभ समाज के विभिन्न वर्गों के गरीब लोगों को शत प्रतिशत मिल रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से हम ग्वालियर में देखें तो आज ग्वालियर का कोई भी अस्पताल ऐसा नहीं जहां आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता न हो।

### सेवा, समर्पण और संस्कार

### भाजपा के मूल मंत्र

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि भाजपा एक ऐसा संगठन है जो 365 दिन जनता के बीच में जाकर कार्य करता है। सेवा, समर्पण और संस्कार भाजपा के मूल मंत्र है। सेवा पखवाड़े कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं का राष्ट्र के प्रति समर्पण दिखता है और सेवा कार्यो के माध्यम से जब हम समाज में जाते हैं इससे हमको हमारे पूर्वजों ने क्या संस्कार दिए है अथवा किन संस्कारों के साथ हमको समाज में जीना है यह भी दिखता है। शिविर में करीब 100 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और कुछ मरीजों को दवाई भी उपलब्ध कराई गई।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी धर्मेंद्र राणा, जिला महामंत्रीगण राजू सेंगर, विनोद शर्मा, महेश जयसवाल, डॉ राहुल सप्रा, डॉ साकेत व्यास, डॉ मुकेश चतुर्वेदी, डॉ. दुबे, पार्षद सोनू त्रिपाठी, पूर्व पार्षद डॉ अंजलि रायजादा आदि मौजूद थे।

पल्स पोलियो अभियान

# ऊर्जा मंत्री तोमर एवं सांसद शेजवलकर ने केन्द्र पर पहुंचकर बच्चों को दवा पिलाई

## केन्द्र पर पहुँचकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

ग्वालियर। शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की बीमारी से सुरक्षित रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को ग्वालियर जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित किए गए केन्द्रों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हजीरा अस्पताल और क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने ठाठीपुर स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुँचकर बच्चों को दवा पिलाई और अभिभावकों से अपील की कि शून्य से पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएँ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित केन्द्रों पर बच्चों को दवा पिलाने हेतु सभी व्यवस्थायें की गई थीं और निर्धारित दल को भी तैनात किया गया था। शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाई। हजीरा अस्पताल पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पहुँचकर बच्चों को दवा पिलाई। उन्होंने चिकित्सकों और पैरामेडीकल स्टाफ के सदस्यों से भी आग्रह किया कि वे सभी बच्चों को दवा पिलाने के साथ-साथ अभिभावकों से आग्रह भी करें कि वे स्वयं अपने बच्चों को और अपने आसपास रहने वाले अभिभावकों को भी शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाने के लिये प्रेरित करें।





# महिला पर तलवार लेकर दौड़ा बदमाश

## मारपीट की, धक्का दिया महिला जान बचाने भागी, तो तलवार फेंककर मारी, साथी कट्टा लहराता रहा

ग्वालियर। ग्वालियर में बाजार से सामान खरीद कर घर लौट रही महिला के ऊपर एक बदमाश ने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर तलवार से हमला कर दिया। महिला ने भागकर जान बचाई। बदमाश के साथ आए अन्य लोग हाथों में कट्टा, डंडे लिए थे। एक बदमाश ने कट्टे से फायर करने का प्रयास किया, लेकिन कट्टा नहीं चला। घटना न्यू जीवाजी नगर थाटीपुर की बताई गई है।वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



### यह है पूरा मामला

थाटीपुर स्थित न्यू जीवाजी नगर में रहने वाली 34 वर्षीय महिला आनंदीबाई पर एक बदमाश ने तलवार से हमला कर दिया। महिला ने भाग कर जान बचाई। वहीं, लाठी डंडे और कट्टे के लिए के साथ आए एक बदमाश ने कट्टा निकालकर फायर करने का प्रयास किया, लेकिन फायर नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि महिला आनंदी बाई के पति भगवान सिंह सेना से रिटायर हैं। जब महिला के ऊपर हमला हुआ, वह घर से बाहर गए थे। घटना पास ही के घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। महिला थाटीपुर थाने में मामले की शिकायत की है। हमले का कारण सिर्फ रास्ते से निकलने को लेकर हुआ विवाद बताया जा रहा है।

### सीसीटीवी फुटेज में ऐसे दिखी घटना

सीसीटीवी फुटेज में महिला साफ बाजार से आते दिख रही है। उसके दरवाजे पर पहुंचते ही एक युवक आता है। दरवाजे पर लातें मारता है। इसके बाद महिला से मारपीट करने लगा है। उसे दो बार धक्का देता है। पुलिस पीछे से तलवार निकालकर महिला के पीछे दौड़ता है। इसी समय महिला खतरे के महसूस कर दौड़ लगा देती है। आरोपी उसके पीछे तलवार फेंककर मारता है। यहां कुछ लोग उसे पकड़ लेते हैं। इसी बीच, हमलावर का एक साथी बार-बार महिला के घर के सामने कट्?टा तानकर फायर करने का प्रयास करता है।

### महिला ने भागकर बचाई जान

पीड़ित आनंदी बाई का कहना है कि सुबह वह घर का सामान खरीदने के लिए बाजार गई थी। सामान खरीदकर जब वह घर वापस लौट रही थी, तो उसका पीछा करते हुए दलवीर उर्फ बल्लू आ गया। वह उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज कर लात मारने लगा, जब उसने इसका विरोध किया तो बदमाश दलवीर धक्का देकर तलवार निकालकर उस पर हमला करने दौड़ा। हमले से बचने के लिए भागी तो दलबीर ने तलवार फेंक कर मारी, लेकिन वह बच गई।

### बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

इस मामले में एडिशनल एसपी राजेश दंडौतिया का कहना है कि महिला के ऊपर बदमाशों द्वारा हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। महिला की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही बदमाशों को हिरासत में ले लिया जाएगा।

# दिवंगत के सम्मान में जूते तो उतार लेते राठौर साहब



भितरवार। अपने आपको भाजपा का उम्मीदवार मानकर चल रहे कांग्रेस से भाजपा में आए मोहन सिंह राठौर का सोसल मीडिया पर एक फोटो वायरल हुआ है। जिसमें वे एक दिवंगत को जूते पहनकर श्रद्धाजंलि अर्पित करते दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो को देखकर उनके विरोधियों को उनपर हमला करने का एक और मौका मिल गया है। तंज कसते हुए विरोधी कह रहे हैं। दिवंगत की आत्मा के सम्मान में जूते तो उतार लेते राठौर साहब दिवंगत आत्मा क्या कहेगी। उल्लेखनीय हैं। कि पिछले एक वर्ष से सक्रिय भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर इन दिनों किसी न किसी बहाने से लोगों के बीच पहुँच रहे हैं। जिसके क्रम में वे बीते रोज भितरवार क्षेत्र के एक गांव में शोकाकुल परिजनों के बीच पहुँचे। जहां उन्होंने दिवगंत को जूते पहनकर ही श्रद्धांजलि अर्पित कर दी। भाजपा नेता श्री राठौर का यह फोटो दूसरे रोज जब उनके समर्थक ने सोसल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जब लोगों ने यह फोटो देखा तो उन्होंने राठौर के खिलाफ तरह तरह की चर्चाएं शुरू कर दीं। वहीं उनके राजनैतिक विरोधी यह कहते दिखाई दिए कि जूते तो उतार लेते राठौर साहब दिवंगत की आत्मा क्या कहेगी। वहीं बताते हैं कि सोसल मीडिया पर फ़ोटो देखकर जब ऐसी बातें हुईं तो राठौर समर्थक ने इस फोटो को हटा लिया।

# बापू भक्तों ने नीकाली हरीनाम यात्रा

ग्वालियर। संत श्री आशाराम आश्रम ग्वालियर द्वारा बाहर से पधारे संत आशाराम बापू के सत्पात्र शिष्य रामा भाई के सानिध्य मेंसाक्षात्कार दिवस के उपलक्ष में महाराज बाड़े से भव्य हरिनाम संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों साधक भक्त गण ग्वालियर के अलावा भिंड, मुरैना, पोरसा,झांसी, इटावा के शामिल होकर यात्रा का आनंद लिया। यात्रा दोपहर 4बजे महाराज बाड़े से सराफा बाजार राम मंदिर शिन्दे की छावनी जयेंद्र गंज ओल्ड हाई कोर्ट दौलत गंज होते हुए बाड़े पर समाप्त हुई शोभायात्रा का भक्तों ने कई जगह परसुयागत कीया । यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह परमार ने दी। आश्रम मे महोत्सब 27 को ग्वालियर।संत आशाराम बापू का 59वा आत्म साक्षात्कार दिवस भक्तों द्वारा धूम धाम से मनाया जायेगा। आश्रम तक पहुंच ने के लिए शहर भर से बसों की व्यवस्था भी की गई है।श्री योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी भक्तो से अधिकाधिक संख्या में पधारने की अपील की है।



# 48 दीपों से कर रहे है भगवान आदिनाथ का गुड़गान



## मनुष्य जैसी आराधना करेगा उसे वैसा ही फल प्राप्त होता होगा: मुनिश्री विनय सागर

**मुनिश्री के चरणों का पदाप्रच्छालन जैन समाज के लोगो ने किया**

ग्वालियर। भगवान और धर्म की आराधना करने वालों के जीवन में दुख भी आता है तो वह बिना कष्ट दिए चला जाता है। जहां साधु-साध्वी का सानिध्य मिलता है, वहां पर आराधना और विशेष हो जाती है। मनुष्य जैसी आराधना करेगा उसे वैसा ही फल प्राप्त होता होगा। आराधना और साधना करने से मनुष्य को मोक्ष प्राप्त होता है। मोक्ष का अर्थ है दुखों से मुक्ति मिलना है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि संसार में जीव दुखी क्यों हैं। मनुष्य के दुखी होने के बहुत सारे कारण हैं, इनमें से प्रमुख कारण है अशुभ कार्य का करना। दूसरा कारण है जीव की स्वयं की सोच। इन अशुभ कार्यो का परिणाम भी अशुभ होता है। इसी प्रकार मनुष्य की सोच अगर सार्थक है तो वह बेहतर कार्य करेगा। साथ ही उसके जीवन में भी बेहतर परिणाम आएंगे। हमें इस जन्म में अगर आराधना का समय मिलता है तो यह हमारे पिछले जन्मों की साधना का फल है।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्वालियर में बाइक पर भागते दिखे नाबालिग चोर

**रिटायर्ड सूबेदार ने बैग में रखे थे एक लाख, पोस्ट ऑफिस के काउंटर से गायब**

ग्वालियर। ग्वालियर में रिटायर्ड सूबेदार के बैग में रखे एक रुपए सहित तीन शातिर नाबालिग चोरों ने मौका पाकर बैग पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने वारदात को अंजाम उस समय दिया जब पीड़ित सुबेदार अपना नोटों से भरा बैग पोस्ट आफिस के काउंटर पर रखकर किसी परिचित से बातचीत में व्यस्त हो गए। जब सूबेदार का बैक पर ध्यान गया तो बैक काउंटर पर से गायब मिला। वहीं चोरों का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसकी शिकायत सूबेदार ने थाने पहुंचकर पुलिस से की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**यह है पूरा मामला :** ग्वालियर थाना क्षेत्र इलाके के कोटेश्वर निवासी जनार्दन सिंह पुत्र मानसिंह राठौर सेवानिवृत्त सुबेदार है। उनका कोटेश्वर तिराहे के पास स्थित डाकखाने में बचत खाता है। उन्हें घर में किसी काम के चलते एक लाख रुपए की जररुत थी। इसलिए वह रकम निकालने डाकखाने पहुंचे थे। डाक खाने से पैसे निकाल कर बैग में रख ली है लेकिन उसी दौरान मानसिंह ने एक परिचित उन्हें मिल गया तो वह काउंटर पर बैग रखकर उससे बात करने लगे लेकिन उसी दौरान डाकघर पर आए तीन नाबालिग चोरों ने काउंटर पर रखा बैग चोरी कर वहां से भाग निकले मानसिंह ने पलट कर देखा तो काउंटर से बैग गायब था। बैग गायब होते ही सूबेदार मानसिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया। लेकिन उससे पहले ही चोर बैग चोरी कर वहां से भागने के लिए थे। जिसकी शिकायत पीड़ित सूबेदार ने थाने पहुंचकर पुलिस से की पुलिस ने पीड़ित सूबेदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जब डाकघर के आसपास लगे सीसीटीवी चेक किए तो बैग चोरी कर बाइक पर भागते तीन नाबालिग चोर कैमरे में कैद हो गए। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**रकम निकालकर रखी थी बैग में :** ग्वालियर थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि पोस्ट ऑफिस से रकम निकालने पहुंचे सेवानिवृत्त सुबेदार का एक लाख रुपए चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है।

*स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार।* **E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478**